OCTOBER – 2023 (Jul. - Sep. 2023)
Vol. SHQ-BSGUP -010

# BHARAT SCOUT & GUIDE
## UTTAR PRADESH

# "तेजल"
त्रैमासिक पत्रिका








State Headquarters : Gole Market, Mahanagar, Lucknow
www.bsgup.org

# भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश

!! मुख्य संरक्षक !!



**श्रीमती आनन्दी बेन पटेल**
महामहिम राज्यपाल
उत्तर प्रदेश

!! उप मुख्य संरक्षक !!



**श्री योगी आदित्यनाथ**
माननीय मुख्यमन्त्री
उत्तर प्रदेश

!! अध्यक्ष !!



**डा० महेन्द्र सिंह**
भूतपूर्व कैबिनेट मंत्री "जल शक्ति"
उत्तर प्रदेश सरकार

!! मुख्यायुक्त !!



**डॉ० प्रभात कुमार** आई०ए०एस० (से०नि०)
भूतपूर्व अध्यक्ष,
लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश

BHARAT SCOUTS & GUIDES, UTTAR PRADESH
OCTOBER – 2023 (Jul. - Sep. 2023)
Vol. SHQ-BSGUP -010

## संपादक मण्डल

❑ संरक्षक

डॉ० महेन्द्र सिंह
अध्यक्ष
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ मुख्य सम्पादक

डॉ० प्रभात कुमार IAS (Rtd.)
प्रादेशिक मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ सलाहकार

ललिता प्रदीप
प्रादेशिक आयुक्त (गाइड)
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

डॉ० राजेश मिश्रा
प्रादेशिक आयुक्त (स्काउट)
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

आलोक कुमार अग्रवाल
प्रादेशिक कोषाध्यक्ष
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ सम्पादक

आनन्द सिंह रावत
प्रादेशिक सचिव
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ डिज़ाइन एवं तकनीक

अदनान हाशमी
सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (आई०टी०)
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०



"The real way to gain happiness is to give it to others."

*- Lord Robert Baden-Powell*

## CONTENTS – अनुक्रमणिका

❖ प्रादेशिक मुख्यायुक्त की कलम से... - 2
❖ प्रादेशिक कार्यक्रम - 3
❖ प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, शीतलाखेत - 08
❖ प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज - 09
❖ जनपदीय कार्यक्रम - 10
❖ आपके पत्र ... - 32
❖ बी०एस०जी०ज्ञान क्विज प्रश्नोत्तरी - 33
❖ विज्ञापन - 34



## प्रादेशिक मुख्यायुक्त की कलम से...

**डॉ० प्रभात कुमार IAS (Rtd.)**
**प्रादेशिक मुख्यायुक्त**
**भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०**



प्रिय साथियों,

स्काउट गाइड संस्था के विकास, उत्तरोत्तर प्रगति एवं बहुआयामी उपलब्धियां को हासिल करने का मूल आधार है प्रशिक्षण। स्काउटिंग संस्था की सदस्यता ग्रहण कर लेने एवं मात्र सेवा भाव रखने से कोई वास्तविक स्काउट नहीं बनता। कुशल एवं दक्ष स्काउट बनने के लिए सामान्य एवं आकस्मिक परिस्थितियों में विभिन्न चुनौती पूर्ण अवसरों पर कुशलतापूर्वक अपनी सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित होना अति आवश्यक है। संपूर्ण विश्व में स्काउट गाइड संस्था ने सुनियोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बल पर स्काउट - गाइड तैयार करके महान उपलब्धियां हासिल की है। मुझे यह अवगत कराते हुए हार्दिक प्रसन्नता है की भारत स्काउट गाइड, उत्तर प्रदेश संस्था द्वारा विगत वर्षों में स्काउटिंग के मूल आधार प्रशिक्षण की महत्ता को समझते हुए अपने प्रशिक्षण से संबंधित आधारभूत ढांचे को शक्ति, गति एवं दक्षता प्रदान करने के लिए अनेक सफल प्रयास किए हैं। राज्य स्तरीय प्रशिक्षण संस्थान, शीतलाखेत के पुनर्निर्माण के अतिरिक्त विभिन्न मंडल एवं जनपद स्तरीय प्रशिक्षण केंद्रों को क्रियाशील एवं प्रभावी बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

"तेजल" के इस अंक में विशेष रूप से प्रशिक्षण संस्थानों को मजबूती एवं शक्ति प्रदान करने विषयक प्रयासों को स्थान प्रदान किया गया है। इसके साथ ही संस्था में कार्यरत स्काउट-गाइड के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे विभिन्न अधिकारियों, पदाधिकारीयों, प्रशिक्षकों एवं स्वयंसेवकों के मनोबल को बढ़ाने के लिए अनेक पुरस्कार योजनाएं प्रारंभ की गई है जिनके सुखद परिणाम परिलक्षित हो रहे हैं। प्रशिक्षण, अभिप्रेरणा और प्रभावी क्रियान्वयन इसी त्रिआयामी रणनीति पर कार्य करते हुए भारत स्काउट गाइड, उत्तर प्रदेश संस्था राष्ट्रीय स्तर पर अनेक उपलब्धियां प्राप्त करने की ओर निरंतर अग्रसर है। संस्था की प्रत्येक इकाई एवं प्रत्येक सदस्य को अपनी शुभकामनाएं देते हुए में आशा करता हूं की संस्था से जुड़ा हुआ प्रत्येक व्यक्ति न केवल स्वयं पूर्ण प्रशिक्षित होगा बल्कि सबसे छोटी इकाई-विद्यार्थियों को नियोजित ढंग से प्रशिक्षण प्रदान करके राष्ट्र की सेवा में अग्रसर होने के लिए प्रेरित करने में सहायक होगा।

प्रशिक्षण संस्थानों को मजबूती प्रदान करने में तथा भारत स्काउट और गाइड. उ० प्र० संस्था की महत्वपूर्ण उपलब्धियों के लिए मा० अध्यक्ष डॉ० महेंद्र सिंह, पूर्व जलशक्ति मंत्री, उ० प्र० सरकार द्वारा एक प्रभावी नेतृत्व प्रदान किया गया है, जिसके लिए मै तथा पूरी संस्था गौरवान्वित महसूस कर रहे है | मै तथा भारत स्काउट और गाइड, उ० प्र० संस्था उनका हार्दिक आभार व्यक्त करते है | मै अपनी ओर से तथा भारत स्काउट और गाइड, उ० प्र० संस्था की ओर से समस्त जिला मुख्यायुक्त तथा जिला समस्त जिला संस्थाओ का भी आभारी हूँ कि उनके अभूतपूर्व सहयोग से संस्था ने अतुलनीय प्रगति की है | मेरी तथा भारत स्काउट और गाइड. उ० प्र० संस्था की ओर से समस्त स्काउट/गाइड परिवार को आने वाले पर्वो (दशहरा एवं दीपावली) की हार्दिक शुभकामनायें |

*आपके सुझावों का सदैव स्वागत है !*

**डॉ० प्रभात कुमार**
प्रादेशिक मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश

# प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम

## प्रादेशिक परिषद बैठक

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय के तत्वाधान में प्रादेशिक परिषद की बैठक दिनांक 30 सितम्बर 2023 को पायनियर मान्टेसरी स्कूल, लखनऊ में आयोजित की गई | प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी ने आये हुए समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों का स्वागत किया और संस्था की उपलब्धियों से अवगत कराया | उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि संस्था द्वारा विभिन्न योजनाओं एवं प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ किया गया है जिसमे अधिक सक्रियता के साथ प्रतिभाग करने की आवश्यकता है | बैठक की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष डॉ० महेन्द्र सिंह जी ने की | इस अवसर पर उन्होंने कहा की हम सब को एक साथ मिलकर संस्था को भारत ही नही विश्व स्तर पर नम्बर एक पर पहुचाना है | बैठक में एजेंडे के अनुसार बिन्दुओ पर चर्चा की गई। और सर्वोत्तम जनपद पुरस्कार योजना के अंतर्गत पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण किये गये । बैठक में लगभग 180 पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने प्रतिभाग किया |



# सर्वोत्तम जनपद पुरस्कार योजना



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश
जिला संस्था बुलन्दशहर
**श्रेणी "A" सान्त्वना पुरस्कार**



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश
जिला संस्था मेरठ
**श्रेणी "A" सान्त्वना पुरस्कार**



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश
जिला संस्था सहारनपुर
**श्रेणी "A" सान्त्वना पुरस्कार**



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश
जिला संस्था शामली
**श्रेणी "B" सान्त्वना पुरस्कार**



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश
जिला संस्था हापुड़
**श्रेणी "B" सान्त्वना पुरस्कार**



सर्वोत्तम जनपद पुरस्कार योजना के अन्तर्गत
मंडल स्थित जनपदों के द्वारा उत्कृष्ट कार्य हेतु
**श्री मयंक कुमार शर्मा**



# आनरेबुल चार्ज वितरण समारोह

| क्रम | जनपद | ट्रेनर का नाम | लीडर ट्रेनर / सहायक लीडर ट्रेनर |
|---|---|---|---|
| 1 | अयोध्या | श्री अनूप मल्होत्रा | लीडर ट्रेनर (स्काउट) |
| 2 | अयोध्या | श्री विवेकानन्द पाण्डेय | सहायक लीडर ट्रेनर(स्काउट) |
| 3 | अयोध्या | श्री बरसाती राही | सहायक लीडर ट्रेनर(स्काउट) |
| 4 | सुल्तानपुर | श्री धर्मेन्द्र प्रताप सिंह | सहायक लीडर ट्रेनर(स्काउट) |
| 5 | अम्बेडकर नगर | श्री रमेश कुमार | सहायक लीडर ट्रेनर(स्काउट) |
| 6 | सीतापुर | श्री शिवम् मौर्य | सहायक लीडर ट्रेनर(स्काउट) |
| 7 | हरदोई | श्री रमेश चन्द्र वर्मा | सहायक लीडर ट्रेनर(स्काउट) |
| 8 | रायबरेली | श्री देवेन्द्र कुमार बाजपेयी | सहायक लीडर ट्रेनर(रोवर) |
| 9 | महराजगंज | श्री ओमकार चौधरी | सहायक लीडर ट्रेनर(स्काउट) |
| 10 | प्रयागराज | श्री वेद प्रकाश भगत | सहायक लीडर ट्रेनर(स्काउट) |
| 11 | मीरजापुर | श्री सन्तोष कुमार सिंह | सहायक लीडर ट्रेनर(स्काउट) |
| 12 | गोरखपुर | श्री ओम प्रकाश उपाध्याय | सहायक लीडर ट्रेनर(स्काउट) |
| 13 | अमरोहा | श्री अतुल कौशिक | सहायक लीडर ट्रेनर(स्काउट) |
| 14 | फिरोजाबाद | श्री कोमल सिंह | सहायक लीडर ट्रेनर(स्काउट) |



## सेफ सिटी परियोजना – महिला आत्म रक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय गोल मार्केट महानगर, लखनऊ के तत्वाधान में दिनांक 09 से 10 सितम्बर 2023 तक सेफ सिटी परियोजना के अन्तर्गत दो दिवसीय महिला आत्मारक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजित किया गया। जिसका शुभारम्भ भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की प्रादेशिक आयुक्त (गाइड) सुश्री ललिता प्रदीप जी ने किया| प्रशिक्षण के दौरान वीमेन पॉवर लाइन 1090 के उप-निरीक्षक आदरणीय भूपसिंह जी के द्वारा महिला सुरक्षा और सडक सुरक्षा के विषय में प्रशिक्षार्थीयों को बताया गया | और समापन सत्र में उप-शिक्षा निदेशक डॉ०शिवानी जी के द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये| प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों से 31 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया |




## बेसिक कोर्स फॉर कमिश्नर्स

दिनांक 26 से 30 जून 2023 की अवधि में प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, शीतलाखेत अल्मोड़ा में बेसिक कोर्स फॉर कमिश्नर्स का आयोजन किया गया | शिविर का संचालन श्री हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव, लीडर ट्रेनर जनपद महराजगंज द्वारा किया गया | कोर्स के समापन अवसर पर डॉ० राजेश मिश्रा प्रादेशिक आयुक्त (स्काउट) ने प्रतिभागियों को संबोधित किया और आवश्यक दिशानिर्देश प्रदान किये |







## सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) की मासिक बैठक

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय के तत्वाधान में माननीय प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी की अध्यक्षता में समस्त जनपदो की स्काउट/गाइड गतिविधियों की समीक्षा हेतु सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) की बैठक दिनांक 22 अगस्त 2023 को प्रादेशिक मुख्यालय, लखनऊ में आयोजित की गई | इस अवसर पर “मेरी माटी मेरा देश” कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न जनपदों की माटी प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी को दी गई जो राष्ट्रीय मुख्यालय प्रेषित की जानी है |



# WINNERS

# BSG ज्ञान प्रतियोगिता

**For : Cub / Bulbul, Scout / Guide, Rover / Ranger**

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आयोजित प्रदेश स्तरीय बी०एस०जी० ज्ञान प्रतियोगिता 2022-23 में सफल होने वाले सभी प्रतिभागियों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं |

## CONGRATULATIONS

## CUB SECTION



FIRST POSITION
VEER SINGH CHOUHAN
AMBEDKAR NAGAR



SECOND POSITION
ADHISHESH SINGH
AMETHI



THIRD POSITION
SHUBHAM SINGH
MEERUT

## BULBUL SECTION



FIRST POSITION
KASHVI PATEL
AMBEDKAR NAGAR



SECOND POSITION
ARYA UPADHYAY
AMBEDKAR NAGAR



THIRD POSITION
ANANYA MUGDAL
MEERUT

## SCOUT SECTION



FIRST POSITION
ANKIT YADAV
MAHARAJGANJ




SECOND POSITION
SAHDEV
HARDOI



THIRD POSITION
ABHISHEK KUMAR
SAMBHAL

## GUIDE SECTION



FIRST POSITION
ALEENA PARVEEN
BIJNOR



SECOND POSITION
GUNJAN SINGH
LUCKNOW



THIRD POSITION
ZOYA
SHAMLI

## ROVER SECTION



FIRST POSITION
HARIOM
RAEBARELI



SECOND POSITION
AMIT KUMAR CHOUHAN
BALLIA



THIRD POSITION
SACHIN KUMAR
HARDOI

## RANGER SECTION



FIRST POSITION
NISHA
CHANDOLI



SECOND POSITION
ANSHU YADAV
MEERUT



THIRD POSITION
YASHASVI TIWARI
MAHOBA




## Admin Block




## Kitchen +Dining Block +Multi Purpose Hall



## Care Taker Block



## Hostel Block







## Toilet Block



**एक झलक ...**

## प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अन्तर्गत
संचालित प्रशिक्षण










## प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज – एडवेन्चर बेस











# जनपदीय कार्यक्रम

## मण्डल – लखनऊ

### जनपद –लखनऊ

भारत स्काउट और गाइड उ०प्र० जनपद लखनऊ के तत्वाधन में लखनऊ पब्लिक कालेज, राजाजीपुरम, लखनऊ में बिगनर्स कोर्स का आयोजन किया गया । जिसक उद्घाटन मुख्य अतिथि डा०आर०पी० मिश्र, भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र० के प्रादेशिक उपाध्यक्ष ने सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि अर्पित कर किया। बिगनर्स कोर्स में विभिन्न विद्यालयों के लगभग 150 प्रधानाचार्य, प्रधानाचार्या, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया | इस अवसर पर बी०एस०जी० ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी कब/बुलबुल, स्काउट/गाइड, रोवर/रेंजर को पुरस्कृत किया गया। बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता में प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली नवयुग कन्या इंटर कॉलेज, लखनऊ की गाइड कुमारी गुंजन को मुख्य अतिथि डा० आर०पी०मिश्र, लखनऊ पब्लिक कालेज के प्रबन्ध निदेशक श्री सुशील सिंह व जिला मुख्यायुक्त डा०जे०पी० मिश्र, उपाध्यक्ष एवं पायनियर इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या श्रीमती शर्मिला सिंह, जिला सचिव श्री अनिल शर्मा एवं विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती भारती गोसाई द्वारा विशेष रूप से पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। बिगनर्स कोर्स का संचालन डी०ओ०सी० (गाइड) मधु हंसपाल ने किया तथा ट्रेनिंग काउन्सलर श्री सुबोध कुमार एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) श्रीमती रीता मौर्या ने प्रशिक्षण प्रदान किया।



### जनपद – हरदोई

जनपद हरदोई के तत्वाधान में दिनांक 11 अगस्त 2023 को पंडित श्रीराम बाजपेई का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष यह कार्यक्रम अधिक आकर्षण का केन्द्र रहा क्योंकि इस वर्ष 22 फरवरी 2023 को स्काउट भवन हरदोई में पंडित



श्रीराम बाजपेई की प्रतिमा स्थापित हो चुकी है । जिला परिषद के अध्यक्ष अभय शंकर गौड़ जी ने सर्वप्रथम पंडित श्रीराम बाजपेई जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया उसके पश्चात जिला आयुक्त अवधेश त्रिपाठी, उपाध्यक्ष सोनेलाल मिश्रा, जिला सचिव डॉ० राजेश तिवारी, जिला संगठन आयुक्त रमेश वर्मा, जिला स्काउट मास्टर डॉ० पंकज वर्मा, गाइड कैप्टन प्रत्यूषा सिंह, प्रिया तिवारी, आईटी कोऑर्डिनेटर शैलेश प्रकाश, ट्रेनिंग काउंसलर प्रेम श्रीवास्तव, इसके अलावा सचिन कुमार, चिराग शुक्ला, अर्पित कश्यप आदि रोवर व रेंजर्स ने पंडित श्रीराम बाजपेई की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किये|

### जनपद – उन्नाव

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था उन्नाव द्वारा आयोजित प्रथम/द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गंजमुरादाबाद में संपन्न हुआ। शिविर के अंतिम दिन विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती रत्नेश्वरी वर्मा ने शिविर का निरीक्षण किया। सर्वधर्म प्रार्थना सभा, योग, ध्वज शिष्टाचार, बाया हाथ मिलाना, ध्वज अवतरण के साथ कैंप का समापन किया गया। इस मौके पर गाइड प्रभारी श्रीमती कल्पना, रोवर मयंक मौर्य, अंजली, चांदनी, निदा आदि गाइड उपस्थित रही। शिविर का संचालन रोवर स्काउट लीडर भरत कुमार ने किया।



## जनपद – लखीमपुर खीरी

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद लखीमपुर खीरी में बेसिक स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन कोर्स दिनांक 01 से 07 अगस्त 2023 की अवधि में राजकीय इंटर कॉलेज, लखीमपुर खीरी में आयोजित किया गया। कोर्स में 25 स्काउटर एवं 20 गाइडर ने प्रतिभाग किया है। जिसमें लीडर ऑफ द कोर्स (स्काउट) श्री सुरेंद्र यादव, लीडर ऑफ द कोर्स (गाइड) श्रीमती नीरज पांडे रही। कोर्स का शुभारंभ ध्वजारोहण के पश्चात किया गया। प्रथम एवं द्वितीय दिवस में जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला मुख्ययायुक्त श्री महेंद्र सिंह जी ने सभी को आशीर्वचन के साथ-साथ स्काउट गाइड के नियम एवं प्रतिज्ञा को आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया। लीडर ऑफ द कोर्स स्काउट एवं लीडर ऑफ द कोर्स गाइड ने स्कीम ऑफ ट्रेनिंग के अंतर्गत विभिन्न विषय को प्रत्येक दिन सत्र के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। कोर्स में जिला सचिव एवं लीडर ट्रेनर स्काउट श्री के०सी० मिश्रा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) श्री बी०डी० भार्गव, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री लक्ष्मी चंद्र अग्निहोत्री, क्वाटर मास्टर श्री शशांक पांडे, ने सहयोग प्रदान किया। कोर्स में समय-समय पर सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) लखनऊ मंडल, पूनम संधू ने निर्देशन प्रदान किया।





## जनपद – रायबरेली

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद रायबरेली के तत्वाधान में वृक्षारोपण पखवाड़ा के अन्तर्गत फिरोज गांधी कालेज के संयुक्त मंत्री डॉ० एस०के० पांडे प्राचार्य प्रोफेसर मनोज कुमार त्रिपाठी रोवर्स प्रभारी डॉ० अजय सिंह रेंजर्स प्रभारी डॉ० किरन श्रीवास्तव, कुलानुशासक डॉ० अरविंद सिंह, सहायक रोवर लीडर दया शंकर आदि ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में रोवर्स रेंजर्स सहित महाविद्यालय के तमाम विद्यार्थी कर्मचारी गण सभी ने बढ़-चढ़कर के पौधे रोपित किए।

## जनपद – सीतापुर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद सीतापुर के तत्वाधान में राज्य पुरस्कार और राष्ट्रीय जंबूरी पाली राजस्थान के प्रमाण पत्र स्काउट गाइड को दिए गए और कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) सुश्री पूनम संधू, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री राजेंद्र सिंह जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान प्राचार्य श्री बी०के० दुबे, जिला सचिव ऋषि मिश्रा, जिला आयुक्त स्काउट/गाइड श्री कमलेश वर्मा, श्रीमती मंजू सिंह जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अवनीश कुमार, जिला कोषाध्यक्ष संजय कुमार, आईटी कोऑर्डिनेटर शिवम मौर्य आदि उपस्थित रहे।





## मण्डल – कानपुर

### जनपद – कानपुर नगर

जनपद कानपुर नगर में स्काउट गाइड प्रथम सोपान का शिविर आयोजित हुआ | जिसमें बच्चों ने स्काउट गाइड के समस्त विषयों को जाना कैंप के लीडर ऑफ़ ऑफ़ द कोर्स श्री लाल जी यादव ने बच्चों को झंडा फहराने से लेकर मीनार बनाने तथा व्यायाम के द्वारा स्वास्थ्य की जानकारी दी जिससे बच्चों का समुचित विकास होता |



### जनपद – इटावा

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद इटावा के तत्वाधान में दिनांक 10 अगस्त 2023 को शासन के आदेश के अनुपालन में भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की विद्यालय की इकाई क्रांतिकारी स्काउट दल के द्वारा मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत तिरंगा यात्रा निकाली गई | इस अवसर पर जिला आयुक्त (स्काउट) श्री शिव शंकर त्रिपाठी जी द्वारा झंडी दिखा कर रैली को रवाना किया गया। यूनिट लीडर राज कुमार के निर्देशन में स्काउट दल से साथ-साथ विद्यालय के लगभग 2000 छात्र छात्राओं तथा शिक्षकों ने भाग लेकर तिरंगा यात्रा को सफल बनाया।



### जनपद – फर्रुखाबाद

भारत स्काउट गाइड जनपद फर्रुखाबाद में बैठक का आयोजन सिटी गर्ल्स इंटर कालेज फर्रुखाबाद में किया गया। इस अवसर पर सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त कानपुर मंडल प्रज्ञा सिंह ने कहा कि स्काउट गाइड संगठन विश्व का सबसे बड़ा वर्दीधारी संगठन है

प्रत्येक पंजीकृत विद्यालयों में अनिवार्य रूप से स्काउट गाइड के ड्रेस कोड को जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय द्वारा पत्र जारी करते हुए लागू कराया जाए, तथा स्काउट गाइड की टीम को आगे बढ़ाए जाने हेतु बेसिक शिक्षा विभाग में प्रत्येक ब्लॉक में ब्लॉक स्काउट मास्टर और ब्लॉक गाइड कैप्टन के प्रभार को देते हुए अनुदानित विद्यालयों में प्रवेश का प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से प्रदान कराया जाए, जिससे विद्यार्थियों को प्रवेश प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र प्रादेशिक कार्यालय द्वारा नि:शुल्क प्रदान किया जा सकें।



### जनपद – कानपुर देहात

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था कानपुर देहात की पहली बैठक जिलाधिकारी श्रीमती नेहा जैन की अध्यक्षता में माँ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष में आयोजित हुई | बैठक में प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा संस्था के अध्यक्ष के रूप में जिलाधिकारी का स्वागत संस्था के पदाधिकारियों की ओर से किया गया | इस अवसर पर संस्था द्वारा स्काउट/गाइड गतिविधि, कार्ययोजना तथा नव स्काउट भवन के निर्माण हेतु प्रस्ताव जिलाधिकारी के समक्ष रखा गया |



## जनपद – औरैया

दिनांक 13 सितम्बर 2023 को जनपद औरैया की जिला परिषद की बैठक जिला अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिलाधिकारी महोदय के द्वारा कहा गया की स्काउट गाइड को प्रादेशिक मुख्यालय के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सभी को मिलकर टीम बनाकर और समय से आवश्यक रूप से कार्य करने की आवश्यकता है |




## मण्डल – मुरादाबाद

## जनपद – बिजनौर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर के तत्वाधान में आर०आर० पब्लिक स्कूल के सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता व भारत स्काउट और गाइड के सीनियर लीडर ट्रेनर



एवं आईटी समन्वयक सत्यपाल सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण शिविर में चांदपुर व धामपुर तहसील के सी०बी०एस०ई० बोर्ड से संबंधित विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर श्री सत्यपाल सिंह ने कहा कि भारत स्काउट गाइड, उत्तर प्रदेश संस्था अनुशासित, सामाजिक प्लेटफार्म है। जिसके माध्यम से सामाजिक क्षेत्र में हम अपना योगदान दे सकते हैं। समय-समय पर बाढ़ व अन्य प्राकृतिक संपदा में स्काउट रेंजर्स ने अपनी भागीदारी कर निस्वार्थ भावना से सेवा की है, जो विस्मरणीय है। शिक्षा के साथ-साथ स्काउट गाइड में प्रशिक्षण प्राप्त कर सामाजिक कार्यों में भागीदारी अवश्य करें। भारत स्काउट और गाइड के जिला सचिव कैलाश चंद ने कहा कि स्काउट गाइड अनुशासित होकर दूसरों की मदद करना सिखाता है। उन्होंने स्काउट गाइड के उद्देश्य,लाभ, कर्त्तव्य, स्थापना आदि के बारे में जानकारी दी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने कहा कि भी विद्यालय के प्रधानाचार्य व शिक्षक अपने- अपने विद्यालय में शत- प्रतिशत दल पंजीकरण, नवीनीकरण तथा छात्रों के प्रशिक्षण की गुणवत्ता को दृष्टिगत रखते हुए प्रादेशिक नियमावली के अनुरूप उच्च स्तरीय प्रशिक्षण अवश्य कराएं। कार्यक्रम का संचालन चंचल कटारिया ने किया। इस अवसर पर टीकम सिंह, अश्विनी शर्मा,जीवन सिंह, महेश चंद्र, स्वाति यादव, कपिल कुमार, आदि उपस्थित रहे।

## जनपद – अमरोहा

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद अमरोहा के तत्वाधान में दिनांक 10 अगस्त 2023 को प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी के आदेशनुसार, कलेक्ट्रेट सभागार अमरोहा में ज़िला अधिकारी श्री राकेश कुमार त्यागी जी की अध्यक्षता में सी०बी०एस०ई० स्कूल के समस्त प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या की बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर ज़िला मुख्यायुक्त डॉ० जी०पी० सिंह ने सभी का स्वागत किया। सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त ने सभी प्रिंसिपल को भारत स्काउट और गाइड के अंर्तगत ज़िला संस्था में अपने-अपने स्कूल से कब/बुलबुल, स्काउट/गाइड की यूनिट पंजीकृत कराने पर ज़ोर दिया। जिलाधिकारी महोदय ने भी सभी स्कूल में यूनिट जल्द से जल्द पंजिकृत कराने हेतु निर्देश दिए। बैठक में जिला मुख्यायुक्त, जिला आयुक्त (स्काउट/गाइड), जिला सचिव, जिला कोषाध्यक्ष, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) और 51 विद्यालयों के प्रधानाचार्यो ने प्रतिभाग किया |



## जनपद – मुरादाबाद

दिनांक 22 जुलाई 2023 को भारत स्काउट गाइड संस्था ने प्रदेश के सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुरादाबाद के सेक्टर 16 नया मुरादाबाद में आयोजित पीडब्ल्यूडी मंत्री माननीय जितिन प्रसाद जी के द्वारा किए गए वृक्षारोपण कार्यक्रम में अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित की। कार्यक्रम में डी०आई०ओ०एस० डॉ० अरुण कुमार दुबे बी०एस०ए० अजीत कुमार जिला मुख्यायुक्त डॉ० मधुबाला त्यागी जिला स्काउट कमिश्नर डॉ० हिमांशु यादव जिला सचिव डॉ० सुरेंद्र वर्मा के नेतृत्व में विभिन्न विद्यालयों से आए लगभग 70 स्काउट ने कार्यक्रम में पौधारोपण कर सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाई। पीडब्ल्यूडी मंत्री ने स्काउट गाइड द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की | वृक्षारोपण कार्यक्रम मे डी०ओ०सी० गौरव सक्सेना, सुमित कुमार, चित्रगुप्त इंटर कॉलेज आकांक्षा, विद्यापीठ एस एल इंस्टिट्यूट महावीर ओपन ग्रुप एमपी ओपन ग्रुप के स्काउट ने प्रतिभाग किया।




## जनपद – संभल

22 जुलाई 2023 को विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक श्री वेदराम एवं जिला स्काउट कमिश्नर डॉ० राजीव जी के साथ मिलकर स्काउट गाइड के द्वारा लगभग 200 पौधों का पौधारोपण किया गया |



# मण्डल – अयोध्या

## जनपद – अयोध्या

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के जनपद अयोध्या के तत्वाधान में दिनांक 22 से 28 जुलाई 2023 की अवधि में बेसिक कोर्स फॉर स्काउट मास्टर/ गाइड कैप्टन शिविर का आयोजन किया गया |



## जनपद – अम्बेडकरनगर

भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद अंबेडकर नगर के तत्वाधान में तक्षशिला अकादमी (रूट्स) के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यायुक्त तारा वर्मा के निर्देशन एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती वर्षा नागवानी के संयोजन में जनपद स्तर पर पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



जिसमें तक्षशिला अकादमी, सावित्री बाई फुले राजकीय बालिका इंटर कालेज, पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय माडल इंटर कॉलेज, डॉ जी के जेटली इंटर कॉलेज, मां ब्रम्हा देवी रमा शंकर इंटर कॉलेज, बी एन के बी पी जी कॉलेज, बी पी स्काउट दल स्वतंत्र के कब बुलबुल स्काउट गाइड रोवर रेंजर ने अपने संवर्ग के अनुसार प्रतिभाग किया । इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्री रितेश पांडेय, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री अवध किशोर सिंह ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाए दी | कार्यक्रम में विद्यालय की कोर्डिनेटर प्रतिमा सिंह, अध्यापिका चंद्रप्रभा सिंह, दिशा नारंग, स्मृति आदि उपस्थित रहें।

## जनपद – सुल्तानपुर

भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था सुलतानपुर की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला मुख्यायुक्त /जिला विद्यालय निरीक्षक श्री रविशंकर जी की अध्यक्षता में राजकीय इंटर कॉलेज सुल्तानपुर के प्रांगण में प्रारंभ हुई । जिला कमिश्नर (स्काउट) डॉ० दिनेश प्रताप सिंह जी द्वारा बैठक में सभी का स्वागत किया गया | इसके पश्चात पूर्व में हुई बैठक की समीक्षा व पुष्टि सदन द्वारा की गई I जिला सचिव डॉ० गुलाब सिंह द्वारा पंजीकृत दलों की आख्या एवं नए सत्र में लक्ष्य के सापेक्ष दलो के पंजीकरण पर विचार किया गया, बेसिक/माध्यमिक/उच्चशिक्षा/सीबीएसई के अंतर्गत संचालित विद्यालयों में प्रशिक्षण शिविर पर विचार किया गया| और तृतीय सोपान राज्य पुरस्कार, बीएड. एवं डीएलएड. पर चर्चा की गई साथ ही बैठक के अन्य विभिन्न बिंदुओं पर गहनता से चर्चा की गई I बैठक में बिंदुओं के सापेक्ष जिला मुख्यआयुक्त/जिला विद्यालय निरीक्षक तथा सह जिला विद्यालय निरीक्षक श्री जटाशंकर यादव ने कार्यकारिणी के सदस्यों को शत-प्रतिशत सहयोग के साथ-साथ लागू करने की अपेक्षा की I




## जनपद – अमेठी




जनपद अमेठी के तत्त्वधान में भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के प्रादेशिक संस्था के स्थापना के अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा को राजकीय बालिका इंटर कालेज, अमेठी में आयोजित की गई । जिसमे मुख्य अतिथि उप जिला विद्यालय निरीक्षक श्री राहुल सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला सचिव श्री राम प्रकाश सिंह, नोडल अधिकारी ब्लॉक भादर श्री डा० अब्दुल हमीद, श्री नवल किशोर, प्रधानाचार्य/सहायक आयुक्त (स्काउट) श्री शिव प्रताप इ०का०, स्काउट मास्टर श्री बद्री प्रसाद शुक्ला, आशुकवि श्री राजेंद्र शुक्ल "अमरेंद्र", श्री राम नेवाज कश्यप, प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कॉलेज, पिंडोरिया और कार्यक्रम की संयोजिका विद्यालय प्रांगण की प्रधानाचार्या डा० फूलकली गुप्ता, जिला आयुक्त (गाइड) के दिशानिर्देशन में किया गया । कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री शशांक यादव के द्वारा किया गया।

# मण्डल – गोरखपुर

## जनपद – महाराजगंज

जिलाधिकारी महोदय के निर्देशन में बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम दिनांक 21 जुलाई 2023 को मजिस्ट्रेट कार्यालय पर किया गया | कार्यक्रम में जिला मुख्यायुक्त /जिला विद्यालय निरीक्षक महराजगंज के संरक्षण में स्काउट एवं गाइड द्वारा वृक्षारोपण कार्य किया गया जिस दौरान जिला संगठन आयुक्त स्काउट महराजगंज रामनरायण खरवार, स्काउट मास्टर रोहन कुमार यादव, शिवम जायसवाल, उपस्थित रहे |



## जनपद – गोरखपुर

महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज गोरखपुर के बलरामपुर हाल में भारत स्काउट और गाइड जनपद गोरखपुर में जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई इस बैठक में संस्था के संरक्षक रामजन्म सिंह ने कहा की जनपद संस्था के सभी पदाधिकारी गण और प्रशिक्षक एक सप्ताह के अंदर बैठक कर प्रशिक्षण की रूपरेखा लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए तैयार करें | जिला मुख्यायुक्त डॉ अरुण कुमार सिंह ने कहा कि जनपद के कई विद्यालय पंजीकृत हैं परंतु उसे संचालित करने के लिए प्रशिक्षित यूनिट लीडर नहीं है अतः ऐसे विद्यालयों की सूची तैयार करें और जिला विद्यालय निरीक्षक के सहयोग से उन्हें प्रशिक्षित करने का प्रयास करें उन्होंने जिला संगठन कमिश्नर (स्काउट) सूरज चंद गौतम को उनका अधिकार पत्र देकर सम्मानित भी किया | जिला कमिश्नर (स्काउट) दिनेश मणि त्रिपाठी ने संचालन के दायित्व का निर्वहन करते हुए गत वर्ष की कार्यवाही पर अपना विचार रखा और पूरा सदन सहर्ष उस पर अपनी सहमति व्यक्त किया | सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) नौशाद अली सिद्दीकी ने कहा कि प्रादेशिक मुख्यालय के नीति एवं दिशा निर्देश के अनुसार जिला संस्था गोरखपुर विकास की ओर अग्रसर है संगठनात्मक एवं प्रशिक्षणात्मक कार्य यहां पर सुव्यवस्थित ढंग से चल रहा है जिला कोषाध्यक्ष ने आय-व्यय की आख्या प्रस्तुत किया |



## जनपद – कुशीनगर

भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद कुशीनगर की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला मुख्यायुक्त श्री अश्विनी कुमार पांडेय की अध्यक्षता में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई| बैठक की शुरुआत स्काउटिंग/गाइडिंग प्रार्थना से हुई तत्पश्चात मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उप शिक्षा निदेशक श्री योगेंद्र नाथ सिंह एवं विशिष्ठ अतिथि श्री रविन्द्र सिंह जी जिला विद्यालय निरीक्षक कुशीनगर तथा श्री रामजियावान मौर्य जी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कुशीनगर और सहायक प्रादेशिक आयुक्त (स्काउट) नौशाद अली को स्कार्फ बागेल पहनाकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात स्वपरिचय के उपरांत जिला मुख्यायुक्त श्री अश्विनी कुमार पांडेय द्वारा आगत सभी अतिथियों एवं कार्यकारिणी के सदस्यों का स्वागत किया गया जिला संगठन आयुक्त श्री सतीश कुमार श्रीवास्तव द्वारा वर्ष 2021-22 आख्या एवं कार्यवाही को पढ़कर बताया गया तथा वर्तमान कोषाध्यक्ष श्री सुनील प्रजापति द्वारा विगत वर्ष के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया।



## जनपद – देवरिया

जनपद देवरिया के तत्वधान में जनपद के समस्त सीबीएसई स्कूलों में स्काउटिंग गाइडिंग संचालन हेतु संबंधित स्कूलों के स्काउट मास्टर्स गाइड कैप्टन के लिए सनबीम स्कूल देवरिया में बिगनर्स कोर्स का आयोजन दिनांक 27.07.2023 को किया गया। जनपद के सीबीएसई स्कूलों से 54 स्काउटर्स/गाइडर्स ने बिगिनर्स कोर्स में प्रतिभाग किया। बिगिनर्स कोर्स का संचालन सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त नौशाद अली सिद्दीकी ने किया। कोर्स समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक वीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा की स्काउटिंग गाइडिंग की शिक्षा देकर हम एक अच्छा नागरिक बनाते है। इसलिए हम सब को इस पवित्र कार्य में सहभागी बनना चाहिए। इस दौरान जिला आयुक्त (गाइड) गीता कुमारी, जिला सचिव आशुतोष शाह, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) ऋतुराज कुशवाहा, बृजेश सोनकर, नमिता एल्फ्रेड आदि उपस्थित रहे।



## मण्डल – आजमगढ़

### जनपद – आजमगढ़

20 जुलाई 2023 को आजमगढ़ आपदा प्राधिकरण एवं भारत स्काउट गाइड जनपद इकाई के संयुक्त तत्वावधान में पंडित राम नगीना पीजी कॉलेज लाटघाट में मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य कमांडिंग ऑफिसर के रूप में अपर जिला अधिकारी श्री आजाद भगत सिंह ने पूरे मॉक ड्रिल का नेतृत्व किया। बाढ़ में डूबते हुए व्यक्ति को बचाने के लिए, अग्नि में 2 मंजिला भवन पर फंसे हुए व्यक्ति को बचाने के लिए तथा बाढ़ ग्रसित क्षेत्रों में गांव वालों को बचाने तथा उन्हें राहत सामग्री वितरित करने का प्रशिक्षण दिया गया। उक्त कार्यक्रम में एसडीएम सगड़ी श्री अतुल गुप्ता जी, आपदा विशेषज्ञ डॉ० चंदन कुमार जी, अवधेश यादव जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) सोनी यादव जिला संगठन आयुक्त (गाइड) अजय यादव आईटी कोऑर्डिनेटर जनपद आजमगढ़ ट्रेनिंग काउंसलर बृजेश साकेत, अजीत आदि उपस्थित रहे।



### जनपद – बलिया

जनपद बलिया के विभिन्न विद्यालयों के स्काउट्स व गाइड्स द्वारा "आजादी का अमृत महोत्सव" के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत 13 अगस्त को एक रैली का आयोजन किया गया व लोगों को अपने-अपने घरों पर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया गया | "मेरी माटी मेरा देश, माटी को नमन वीरों को वंदन" कार्यक्रम के अंतर्गत 15 अगस्त को बहुउद्देशीय सभागार में जिलाधिकारी के समक्ष क्रांतिकारियों विशेष कर मंगल पाण्डेय के जीवन वृत्त पर नाटक का मंचन किया गया तथा विद्यालयों में स्वच्छता एवं वृक्षारोपण जैसे अनेकोनेक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। 19 अगस्त को बलिया बलिदान दिवस के अवसर पर स्काउट्स/गाइड्स द्वारा कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री



उत्तर प्रदेश सरकार माननीय बृजेश पाठक जी, आजमगढ़ सांसद माननीय दिनेश लाल यादव जी 'निरहुआ', प्रदेश परिवहन मंत्री माननीय दयाशंकर सिंह जी तथा बलिया क्षेत्र के अन्य सभी मा० सांसद व मा० विधायक मौजूद रहे। स्काउट गाइड दलों का नेतृत्व जिला सचिव राजेश कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह, निर्भय नारायण सिंह व जिला संगठन कमिश्नर (स्काउट) सौरभ कुमार पाण्डेय ने किया।

### जनपद – मऊ

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था मऊ में जिला मुख्यायुक्त श्री देव भास्कर तिवारी की अध्यक्षता में दिनांक 17 अगस्त 2023 को स्थान डी०ए०वी० कॉलेज मऊ में जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई जिसमे जिला आयुक्त (स्काउट) डॉ० सुशील कुमार राय, जिला आयुक्त (गाइड) श्रीमती इन्दिरा तिवारी, जिला सचिव श्री दिनेश कुमार, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) श्री अखिलेश कुमार चौहान, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री राजेश कुमार के साथ समस्त कार्यकारिणी पदाधिकारी बैठक में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने में अपना योगदान दिया |



## मण्डल – मिर्ज़ापुर

### जनपद – मिर्ज़ापुर

21 अगस्त 2023 को राजकीय इंटर कॉलेज मिर्जापुर में भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश विंध्याचल मंडल मिर्जापुर की मंडलीय संगोष्ठी में विभिन्न एजेंडा बिंदु जिसमें जिले में कार्यकारिणी एवं कार्य परिषद की बैठकों पर चर्चा, वर्ष 2023- 2024 की कार्य योजना पर चर्चा, प्रधानमंत्री शील्ड उपराष्ट्रपति पुरस्कार राज्य पुरस्कार राष्ट्रपति पुरस्कार लक्ष्मी मजूमदार एवार्ड एवं बी०एस०जी०ज्ञान प्रतियोगिता के आवेदन पर चर्चा की गई साथ ही बेसिक विद्यालयों में प्रगतिशील प्रशिक्षण कार्यक्रम जनपद कार्यालय के रखरखाव वर्ष 2023-24 में प्रदेश द्वारा दिया गया लक्ष्य के अनुसार कार्ययोजना पर चर्चा की गई साथ ही सर्वोत्तम कैडेट रैली आजीवन सदस्यता पर चर्चा किया गया इस अवसर पर संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे श्री कमल यादव उप शिक्षा निदेशक माध्यमिक ने कहा स्काउट गाइड आज के समाज के लिए अति आवश्यक है और प्रत्येक विद्यालय में स्काउट गाइड यूनिट को संचालित किया जाए और उसके प्रगतिशील प्रशिक्षण कार्यक्रम को तीव्र गति से संचालित कराई जाए साथ ही डॉ० प्रबोध कुमार सिंह जिला मुख्यायुक्त सोनभद्र ने कहा की मंडल के सभी जिलों में स्काउट गाइड के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाए साथ ही जनपद के छात्र/छात्राओं को स्काउट गाइड के माध्यम से उनको एक अच्छे नागरिक बनाने की प्रेरणा हेतु जागृत किया |





प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) मिर्जापुर, डॉ० प्रबोध कुमार सिंह जिला मुख्यायुक्त सोनभद्र, श्री सैयद अनवर हुसैन जिला स्काउट शिक्षक सोनभद्र, श्रीमती नीरा सिंह जिला गाइड कैप्टन सोनभद्र, श्री नन्द किशोर जिला आयुक्त (एडल्ट रिसोर्स स्काउट), श्री दया शंकर जिला ट्रेनिंग काउंसलर, श्रीमती ज्ञान देवी ट्रेनिग काउंसलर, श्री बच्चे लाल यादव ट्रेनिग काउंसलर, श्री सुनील कुमार सिंह जिला संगठन आयुक्त सोनभद्र शामिल रहे।

### जनपद – सोनभद्र

भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद सोनभद्र की स्काउटिंग गाइडिंग टीम ने श्री नवीन कुमार पाठक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सोनभद्र से मुलाकात की। जिसमें आने वाले कार्यक्रम को लेकर विस्तार रूप से चर्चा की गयी। जैसे पंजीकरण, नवीनीकरण, स्काउट गाइड के प्रशिक्षण कार्यक्रम, तृतीय सोपान जाँच शिविर, राज्य पुरस्कार जांच शिविर, स्काउटर गाइडर कार्यशाला, बेसिक स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन कोर्स के संदर्भ में बातचीत की गयी। इस अवसर पर श्री राजेश प्रजापति सहायक

### जनपद – भदोही

विश्व पर्यावरण दिवस काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर भदोही में आयोजित कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ रमेश यादव जी रोवर प्रभारी डॉक्टर महेंद्र यादव व रेंजर प्रभारी डॉक्टर रिचा यादव के संरक्षण में बृहद रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया | जिसमें रोवर /रेंजर व स्काउट /गाइड के बच्चों को पर्यावरण पर पड़ रहे दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया और इससे बचने के लिए वृक्ष लगाने की शपथ दिलाई गई | कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया | जिला संस्था की तरफ से जिला प्रशिक्षण आयुक्त चन्द्रेश राय ने बच्चों से कहा पेड़ लगाना ही अनिवार्य नहीं है उसकी देखभाल भी आपकी जिम्मेदारी है जिला संगठन कमिश्नर स्काउट ऋतुराज श्रीवास्तव, ट्रेनिंग काउंसलर विजय त्यागी, प्रवीण सिंह व ओम प्रकाश आदि शामिल हुए|



## मण्डल – मेरठ

### जनपद – बुलंदशहर

भारत स्काउट और गाइड उ. प्र. के प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार जी के मार्गदर्शन एवं प्रादेशिक मुख्यालय के निर्देशानुसार जनपद मुख्यालय स्काउट-गाइड बुलंदशहर के प्रांगण में दिनांक 2 अगस्त 2023 को स्काउट-गाइड शिक्षकों के लिए बिगिनर्स कोर्स का विधिवत आयोजन किया गया। कोर्स का शुभारंभ स्काउट-गाइड प्रार्थना के साथ हुआ। जिसमें जिले के 50 स्काउटर एवं 44 गाइडर कुल 94 ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षक मण्डल जिला संगठन आयुक्त श्री पवन कुमार राठी, सहायक लीडर ट्रेनर श्री ओ.पी.हंस, श्रीमती राजबाला शर्मा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त श्रीमती दीपमाला शर्मा के द्वारा विद्यालय में यूनिट का गठन, संचालन, स्काउटिंग-गाइडिंग का इतिहास, संगठन की जानकारी, नियम, प्रतिज्ञा, सैल्यूट, बायाँ हाथ मिलाना, यूनिट लीडर का प्रगतिशील प्रशिक्षण आदि विषयों की जानकारी दी। सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर मेरठ एवं सहारनपुर मण्डल श्री मयंक शर्मा ने प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा संचालित कार्यक्रम बी.एस.जी. ज्ञान प्रतियोगिता, सर्वोत्तम कैडेट रैली, प्रादेशिक आजीवन सदस्य बनने आदि से अवगत कराते हुये प्रादेशिक मुख्यालय से मिलने वाले पुरस्कार हेतु प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक आवेदन के लिये प्रेरित किया। तत्पश्चात जिला मुख्यायुक्त कैप्टन पी.के. शर्मा ने स्काउटिंग के क्षेत्र में निरंतर सामाजिक कार्य करने हेतु प्रेरित किया। जिला सचिव डॉ.नरेश कुमार शर्मा एवं सहा. जिला सचिव श्री रमेश चंद्र पांडेय ने कार्यों की प्रशंसा व धन्यवाद ज्ञापित किया।



### जनपद – बागपत

भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद बागपत के पदाधिकारियों ने जिला संस्था के उपाध्यक्ष एवं जिला विद्यालय निरीक्षक, बागपत श्री धर्मेंद्र कुमार सक्सैना जी (पी.ई.एस.) से शिष्टाचार भेंट कर स्काउटिंग की गतिविधियों को सक्रियता से संचालित करने हेतु चर्चा की। इस अवसर पर सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर (स्काउट) मेरठ एवं सहारनपुर मण्डल श्री मयंक शर्मा जी, जिला सचिव श्री उमेश कुमार जी, जिला मुख्यालय आयुक्त (स्काउट) श्री अनुज कौशिक जी उपस्थित रहे।



### जनपद – मेरठ

जनपद मेरठ दिनाँक 14 अगस्त से 18 अगस्त 2023 की अवधि में राज्यपाल पुरस्कार हेतु जांच शिविर के दौरान साँस्कृतिक कार्यक्रमों एवं टेंट पीचिंग व गैजेट्स प्रदर्शनी का अवलोकन मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक मेरठ मण्डल श्री ओंकार शुक्ल जी ने लालकुर्ति स्थित स्काउट भवन पर पहुंचकर किया। इस अवसर पर श्री मयंक शर्मा सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त, श्री सुशील शर्मा स्काउट आयुक्त, डॉ गौरव पाठक जिला सचिव ने उनका स्वागत बुके व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। श्री ओंकार शुक्ल ने मेरठ व बागपत जनपद से प्रतिभागी 85 स्काउट एवं गाइड द्वारा नैशनल इन्टर कॉलेज के मैदान में टेंट पीचिंग व गैजेट्स के प्रदर्शन का निरीक्षण किया। जांच शिविर में सहारनपुर से श्री राजपाल पुंडीर (स्काउट सेक्शन) एवं श्रीमती रेहाना सुल्तान (गाइड सेक्शन) के शिविर संचालक रहे। जनपद संस्था से डॉ० अंशु श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष, श्रीमती पूनम, श्री सोमेन्द्र सिंह, श्री सोनू, श्रीमती ज्योति शर्मा व संजय गुप्ता एवं प्रधानाचार्य नैशनल इन्टर कॉलेज का विशेष सहयोग रहा।



## जनपद – गाजियाबाद

दिनांक 03 अगस्त 2023 को जनपद गाज़ियाबाद के जिलाधिकारी श्री राकेश कुमार सिंह जी (आई.ए.एस.) से शिष्टाचार भेंट की गई । जिला संस्था भारत स्काउट और गाइड उ.प्र., गाज़ियाबाद के अध्यक्ष बनने पर सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर (स्काउट) मेरठ एवं सहारनपुर मण्डल श्री मयंक शर्मा जी एवं जिला मुख्यायुक्त श्री देवेंद्र कुमार जी, जिला आयुक्त (गाइड) श्रीमती हेमलता राजपूत जी, जिला सचिव श्री सतीश चन्द्र अग्रवाल जी प्रधानाचार्य डॉ० के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर, जिला कोषाध्यक्ष श्री महेंद्र सिंह नागर, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री श्याम सिंह जी, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती रिंकू तोमर जी ने जिलाधिकारी महोदय को बधाई देते हुये जनपद गाज़ियाबाद में भारत स्काउट और गाइड उ.प्र. की गतिविधियों को बढ़ाने हेतु विचार-विमर्श किया।




## जनपद – गौतम बुद्धनगर

दिनांक 26 अगस्त 23 को भारत स्काउट और गाइड उ.प्र. मेरठ मण्डल की मण्डलीय संगोष्ठी श्री राम ग्लोबल स्कूल ग्रेटर नोएडा वेस्ट, जनपद गौतमबुद्धनगर में सम्पन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रथम मण्डल मेरठ श्री ओंकार शुक्ल जी द्वारा की गई। संगोष्ठी में एजेण्डा बिन्दु के अनुसार जनपद वार 2023-24 की कार्ययोजना, बेसिक शिक्षा परिषद के अनुदानित पंजीकृत/नवीनीकरण विद्यालयों में कब/बुलबुल, स्काउट/गाइड के प्रगतिशील प्रशिक्षण की स्थिति पर चर्चा, प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा निर्धारित लक्ष्य 2023-24 के अन्तर्गत आने वाले 19 बिन्दुओं पर चर्चा की गई। सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर मेरठ एवं सहारनपुर मण्डल श्री मयंक शर्मा ने बी.एस.जी. ज्ञान प्रतियोगिता, सर्वोत्तम कैडेट रैली, सर्वोत्तम जनपद योजना, एक जनपद-एक एक्टिवटी हेतु कार्य करने के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक बुलंदशहर श्री शिव कुमार ओझा जी, जिला विद्यालय निरीक्षक गौतमबुद्धनगर डा. धर्मवीर सिंह जी, जिला विद्यालय निरीक्षक बागपत श्री धर्मेंद्र कुमार सक्सेना जी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतमबुद्धनगर ऐश्वर्या लक्ष्मी जी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बागपत आकांक्षा रावत जी, बी.ई.ओ. मेरठ जयप्रकाश सिंह जी, बुलंदशहर विनोद कुमार जी, गाज़ियाबाद कुसुम सिंह जी, हापुड़ योगेश कुमार गुप्ता जी, जिला मुख्यायुक्त गौतमबुद्धनगर डा. राकेश कुमार राठी जी, जिला मुख्यायुक्त गाज़ियाबाद देवेंद्र कुमार जी, जिला मुख्यायुक्त बुलंदशहर कैप्टन पी.के.शर्मा जी, जिला आयुक्त (स्काउट) मेरठ सुशील कुमार शर्मा जी, जिला आयुक्त (स्काउट) गाज़ियाबाद श्री प्रमोद कुमार यादव जी, जिला आयुक्त (गाइड) बुलंदशहर डा. अनीता भारद्वाज जी, जिला आयुक्त (गाइड) गाज़ियाबाद डा. हेमलता राजपूत जी, जिला आयुक्त (गाइड) हापुड़ पारुल त्यागी जी, जिला आयुक्त (गाइड) गौतमबुद्धनगर डा. मिथलेश गौतम जी, जिला सचिव बुलंदशहर डा. नरेश कुमार शर्मा जी, जिला सचिव हापुड़ रामवीर सिंह पुंडीर जी, जिला सचिव बागपत उमेश कुमार जी, जिला सचिव गौतमबुद्धनगर डा. मनोज कुमार भारद्वाज जी, जिला कोषाध्यक्ष गौतमबुद्धनगर दिनेश सिंह भाटी जी, लीडर ट्रेनर (गाइड) रिहाना सुल्तान जी, जिला संगठन आयुक्त मेरठ सोमेन्द्र सिंह, पूनम रानी, जिला संगठन आयुक्त बुलंदशहर पवन कुमार राठी, जिला संगठन आयुक्त गाज़ियाबाद श्याम सिंह, रिंकू तोमर, जिला संगठन आयुक्त हापुड़ श्रीप्रकाश शर्मा, नीता कौशिक, जिला संगठन आयुक्त बागपत अशोक बंधु भारद्वाज, शशिबाला, जिला संगठन आयुक्त गौतमबुद्धनगर शिव कुमार, शैफाली गौतम, जिला प्रशिक्षण आयुक्त अमित कुमार, किरन शर्मा, राजकुमार शर्मा, प्रदीप शर्मा उपस्थित रहे।



## जनपद – हापुड़

भारत स्काउट और गाइड उ.प्र., जनपद हापुड़ के तत्वाधान में एल.एस.डी.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल पिलखुवा, हापुड़ में बेसिक कोर्स स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन शिविर में प्रतिभागियों ने तम्बू निर्माण एवं गेजेट्स का निर्माण कर पायनियरिंग प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया। कोर्स में प्रतिभागियों ने अपनी टोली के साथ कैंपफायर कार्यक्रम की संदेश प्रद प्रस्तुतियाँ दीं। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में चैयरमैन नगरपालिका परिषद पिलखुवा श्री विभू बंसल जी रहे | इस अवसर पर स्काउट-गाइड पदाधिकारियों के साथ वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का सन्देश प्रदान कर स्काउटिंग संस्था के माध्यम से संस्कार प्रदान करने की प्रशंसा की। जिला मुख्यायुक्त डा. सुबोध कुमार गुप्ता जी ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण पूर्ण कर अपने विद्यालयों में जाकर अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर मेरठ एवं सहारनपुर मण्डल श्री मयंक शर्मा जी, जिला मुख्यायुक्त डा.सुबोध कुमार गुप्ता जी, जिला सचिव श्री रामवीर सिंह पुंडीर जी, नगर महामंत्री श्री सचिन पुंडीर जी, जिला आयुक्त (स्काउट) श्री राजेश कुमार जी, जिला आयुक्त गाइड श्रीमती पारुल त्यागी जी,उपाध्यक्ष श्रीमती मोनिका शर्मा जी, श्री समरजीत सिंह जी, शिविर संचालक श्रीमती रिहाना सुल्तान जी, श्री संजय कुमार गुप्ता जी, राजवाला शर्मा, श्रीप्रकाश शर्मा, नीता कौशिक, अमित कुमार आदि उपस्थित रहे। जिला सचिव श्री रामवीर सिंह पुंडीर जी ने उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया।




## मण्डल – सहारनपुर

## जनपद – मुजफ्फरनगर

भारत स्काउट एवं गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष जिलाधिकारी श्री अरविंद मल्लप्पा बंगारी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री नरेंद्र बहादुर सिंह व जिला विद्यालय निरीक्षक उपाध्यक्ष श्री धर्मेंद्र शर्मा के निर्देशन एवं जिला मुख्यायुक्त डॉ०कंचन प्रभा शुक्ला के मार्गदर्शन में दिनांक 14 जुलाई 2023 को निरंतर चल रहे कांवड़ मेला में जिला संगठन कमिश्नर स्काउट एवं गाइड श्री भारत भूषण अरोड़ा, श्रीमती प्रभा दहिया, मेला व शिविर प्रभारी सदर तहसील से अमित कुमार सैनी एवं खतौली तहसील से वरिष्ठ लीडर ट्रेनर श्री संतोष कुमार वर्मा, बुढ़ाना क्षेत्र से वरिष्ठ ट्रेनर काउंसलर श्री बीरबल सिंह, श्रीमती परमेश सहायक गाइड कमिश्नर आदि के नेतृत्व में सभी स्काउटस, गाइडस, रोवर्स/रेंजर्स आदि द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों पर शिव भक्तों को मार्ग दिखाना, यातायात व्यवस्था में प्रशासन का सहयोग करना, शिव भक्तों की प्राथमिक चिकित्सा, पैरों आदि की देखभाल, मरहम लगाना, खोया पाया केंद्र पर एवं निशुल्क भोजन वितरण केंद्रों पर मेडिकल कैंप मे अपनी सेवाएं प्रदान की गई। संस्था के सदस्यों द्वारा दिन व रात्रि के समय अपने दायित्वों में निष्ठा से लगे रहे | आदरणीय जिलाधिकारी महोदय श्री अरविंद मल्लप्पा मंगारी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री नरेंद्र बहादुर सिंह आदरणीय जिला विद्यालय निरीक्षक श्री धर्मेंद्र शर्मा जिला उपाध्यक्ष भा.स्का.गा., जिला मुख्यायुक्त डॉ० कंचन प्रभा शुक्ला के द्वारा रात्रि व दिन की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया तथा स्काउट गाइड रोवर रेंजर के साथ उपस्थित होकर उनका उत्साहवर्धन किया गया



## जनपद – शामली

20 जुलाई 2023 को भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था शामली के पदाधिकारियों ने मुख्य विकास अधिकारी शामली, श्री रंजीत सिंह जी जिला विद्यालय निरीक्षक शामली, श्री जनार्दन सिंह जी एवं कुमारी कोमल बेसिक शिक्षा अधिकारी शामली से उनके कार्यालयों में पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की तथा स्कार्फ पहनाकर अभिनंदन व स्वागत किया। संस्था के अध्यक्ष श्री रंजीत सिंह (आई.ए.एस) जिलाधिकारी शामली एवं जिला मुख्यआयुक्त डॉ.रुचिता ढाका तथा भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था शामली के उपाध्यक्ष श्री रंजीत सिंह मुख्य विकास अधिकारी शामली, जिला विद्यालय निरीक्षक शामली श्री जनार्दन सिंह एवं कुमारी कोमल बेसिक शिक्षा अधिकारी शामली के निर्देशन में एवं डॉ. अमित मलिक जिला आयुक्त स्काउट के नेतृत्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत अभियान चलाकर पौधा रोपित किए गए। इस अवसर पर संस्था के जिला सचिव डॉ० हीरा सिंह, जिला संगठन आयुक्त गाइड श्रीमती गीता रानी, श्रीमती गायत्री देवी एवं श्री सुचित्र वशिष्ठ एवं श्री सचिन कुमार व्यायाम शिक्षक एवं जिला स्काउट मास्टर उपस्थित रहे।




## जनपद – सहारनपुर




भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश जनपद सहारनपुर के तत्वाधान में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के स्काउट एवं गाइड द्वारा बृहद तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन किया गया | रैली का शुभारम्भ जिलाधिकारी/ अध्यक्ष भारत स्काउट/ गाइड डॉ. दिनेश चंद्रा एवं मुख्य विकास अधिकारी/ जिला मुख्यायुक्त भारत स्काउट और गाइड जनपद सहारनपुर श्री विजय कुमार जी के द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर विकास भवन सहारनपुर से रवाना की गई जो घंटाघर चौराहे पर आकर समाप्त हुई | इस रैली का नेतृत्व सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त सहारनपुर एवं मेरठ मण्डल श्री मयंक शर्मा जी एवं जिला सचिव भारत स्काउट और गाइड उ.प्र. जनपद सहारनपुर श्री दीपक कुमार गुप्ता जी द्वारा किया गया इस रैली में लगभग 200 स्काउट एवं गाइड ने प्रतिभाग किया | जिसमे जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री अनिल कुमार भारद्वाज एवं जिला संगठन आयुक्त (गाइड) उषा तोमर आई.टी. कोर्डिनेटर श्री मोहित कुमार, स्काउटर प्रतिनिधि श्री अमर शर्मा, युवा लीडर श्री सुमित शर्मा, और विभिन्न विधालयो से स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन ने अपनी मुख्य भूमिका निभाई रैली का समापन जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चंद्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन टाडा जी के संबोधन के बाद हुआ इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन उपस्थित रहे।

## मण्डल – बस्ती

### जनपद – बस्ती

भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश बस्ती मंडल की मंडलीय समिति की बैठक एवं मंडलीय संगोष्ठी संयुक्त शिक्षा निदेशक श्री ओम प्रकाश मिश्र जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक का संचालन सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त राकेश सैनी ने किया| इस अवसर पर प्रादेशिक संगठन कमिश्नर हीरालाल यादव जी ने प्रादेशिक



संगठन कमिश्नर श्री हीरालाल यादव जी ने प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा दिए गए 19 बिंदुओं पर प्रकाश डाला जिसमें प्रमुख रूप से पंजीकरण नवीनीकरण अंशदान बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता सर्वोच्च कैडेट इत्यादि विषयों पर चर्चा किया, बैठक में जनपदों द्वारा "मेरी माटी मेरा देश" के अंतर्गत अपने-अपने जनपदों से कलश लाकर भेंट किया | बैठक में डायट प्रवक्ता बस्ती अमनसेन, डायट प्रवक्ता सिद्धार्थनगर मंजूला यादव, खण्ड शिक्षा अधिकारी बस्ती महेन्द्र कुमार त्रिपाठी, जिला मुख्यायुक्त सिद्धार्थनगर राम नवल सिंह, स्काउट कमिश्नर बस्ती शिव बहादुर सिंह, सिद्धार्थनगर से राम विलास यादव, गाइड कमिश्नर नीलम सिंह, बस्ती सचिव डॉ हरेन्द्र प्रताप सिंह, संतकबीर नगर सचिव रवि कुमार श्रीवास्तव, सिद्धार्थ नगर सचिव हरि ओम, कोषाध्यक्ष बस्ती विद्याधर वर्मा, जिला स्काउट मास्टर, डीटीसी कुलदीप सिंह, जिला स्काउट मास्टर मनोज कुमार अनिल, जिला स्काउट मास्टर सिद्धार्थनगर महेश कुमार, जिला गाइड कैप्टन, डीटीसी सत्या पाण्डेय, रेनू कुमारी, डीओसी स्काउट प्रताप शंकर पाण्डेय, रमेश कुमार यादव, हरिश्चंद्र यादव, डीओसी गाइड बस्ती संगीता प्रजापति, बबिता, ताजमीन, डीटीसी सन्तकबीरनगर अमरेश बहादुर सिंह आदि की सहभागिता रही।

## जनपद – सिद्धार्थनगर



जनपद सिद्धार्थनगर - स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन दिनांक 01 से 15 सितम्बर 2023 में किया गया | जिसमें स्वच्छता शपथ, स्वच्छता जागरूकता, सामुदायिक सहभागिता, ग्रीन स्कूल मुहिम, स्वच्छता, हाथ धुलाई, व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वच्छ विद्यालय प्रर्दशनी, स्वच्छता कार्यकलाप, आदि कार्यक्रम आयोजित हुए । इस कार्यक्रम को गति देने हेतु पूर्व माध्यमिक विद्यालय - बूड़ा विकास क्षेत्र - बर्डपुर जनपद -सिद्धार्थ नगर के शिवाजी स्काउट दल एवं लक्ष्मी बाई गाइड कंपनी के छात्र/छात्राओं ने स्काउट बैंड के साथ जागरूकता अभियान रैली निकालकर इंडो-नेपाल बार्डर के मजीगावां गांव के ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया | वहीं गाइड छात्राओं ने ग्रामीण बेटियों और महिलाओं को नुक्कड़ नाटक अभिनय द्वारा माहवारी संक्रमण से बचाव और सेनेटरी नेपकिन पैड के प्रयोग का महत्व बताया। बच्चों के द्वारा चलाए जा रहे इस मुहिम में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी बेटियों और घर की महिलाओं को माहवारी संक्रमण से बचाने हेतु संकल्प लिया। स्काउट और गाइड के छात्रों ने स्वयं झाड़ू लेकर गांव की गलियों को साफ किया और गांव की गली मोहल्लों को साफ रखने हेतु ग्रामीणों को शपथ दिलाई । छात्रों को इस तरह के कार्यक्रम को क्रियान्वित करने हेतु जिला स्काउट मास्टर महेश कुमार एवं गाइड कैप्टन संगीता कन्नौजिया ने सहयोग किया है | जागरूकता अभियान रैली के दौरान ग्राम प्रधान श्री भवानी शंकर शुक्ल, अनामिका, रामेश्वर, प्रदीप, उज्ज्वल, राम औतार, महेंद्र, रमेश धूपा, पमिंत्रा, सुभावती आदि उपस्थित रहे।

## जनपद – संतकबीर नगर

भारत स्काउट एवं गाइड उत्तर प्रदेश जनपद संतकबीर नगर में यूनिट लीडर एवं प्रशिक्षको की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 25 एवं 26 जुलाई 2023 को जिला विद्यालय निरीक्षक संतकबीरनगर व जिला मुख्यायुक्त श्री संदीप चौधरी के निर्देशन में हुई । इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतकबीर नगर, खंड शिक्षा अधिकारी खलीलाबाद रजनीश वैद्राथ जिला समनवयक, ए०एस०ओ०सी० बस्ती मंडल राकेश कुमार सैनी, जिला सचिव रवि प्रकाश श्रीवास्तव, जिला आयुक्त (गाइड) निशा यादव, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) रमेश यादव, डीटीसी (स्काउट) अमरेश बहादुर सिंह, डीटीसी (गाइड) मीरा भारती, जिला स्काउट मास्टर मनोज कुमार अनिल, जिला गाइड कैप्टन रेनू अग्रहरी, स्काउटर प्रतिनिधि योगेंद्र सिंह, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) बबिता, मुकेश कुमार स्काउट मास्टर, रविन्द्र कुमार स्काउट मास्टर, पंकज कुमार चौधरी, कन्हैया लाल जौनपुरिया, अभिषेक सोनकर, विकास कुमार काउंसलर खलीलाबाद, अभिषेक सिंह काउंसलर मेहदावाल, जामवंत काउन्सलर घनघटा, विजय राज चौरसिया, रीनू यादव मानसी पांडे, निशा, प्रीती, कुरैशी नसरीन, लक्ष्मी, पल्लवी, आदि लोग मौजूद रहे

## मण्डल – चित्रकूट

### जनपद – महोबा

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला मुख्यायुक्त महोदय द्वारा स्काउट भवन महोबा में ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया | इस अवसर पर मुख्यायुक्त महोदय द्वारा वृक्षारोपण किया गया। श्री विश्वनाथ त्रिपाठी पूर्व जिला अध्यक्ष भारत स्काउट गाइड संस्था महोबा श्री मूलचंद निगम जिला सचिव, अंजू प्रजापति जिला संगठन आयुक्त (गाइड) कुमारी साधना कुमारी सपना अनुरागी, चंद्र कुमार तिवारी, स्कूल के स्काउट सहित समस्त स्टाफ कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक महोबा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जयप्रकाश दक्ष जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) द्वारा किया गया।




### जनपद – चित्रकूट

भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था चित्रकूट के सौजन्य से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भदई अमावस्या मेला 2023 में स्काउट गाइड का सेवा शिविर खोया पाया केंद्र रामघाट एवं खोया पाया केंद्र लगाया गया, इस मेले में दूर-दूर से लाखों श्रद्धालु कामदगिरि की परिक्रमा करने व मां मंदाकिनी में डुबकी लगाने के लिए आते हैं। श्रद्धालुओं में बच्चे व बुजुर्ग भी अपने परिजनों के साथ इस मेलें में आते हैं | मेला क्षेत्र बड़ा होने के कारण अक्सर यात्री अपनों से बिछड़ जाते हैं, इन सेवा शिविरों के माध्यम से जनपद के कई विद्यालयों के स्काउट छात्र एवं रोवर तथा स्काउट शिक्षकों ने मेला में बिछड़े तीर्थ यात्रियों, छोटे-छोटे बच्चों व बुजुर्गों को मिलाने का काम दिनभर करते रहे। सेवा के इस पुण्य कार्य में शामिल होकर सभी शिक्षक व छात्र अपने को प्रफुल्लित महसूस करते रहे, सेवा के इस पुण्य कार्य में सेठ राधा कृष्ण पोद्दार इंटर कॉलेज सीतापुर, चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी, श्रीगंगा प्रसाद जन सेवा इंटर कॉलेज कर्वी, गोस्वामी तुलसीदास राजकीय




महाविद्यालय बेड़ीपुलिया, ब्रह्मचर्य शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज कर्वी, परम विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शिवरामपुर के स्काउट व रोवर छात्रों सहित सुरेश प्रसाद, प्रेमचंद, श्याम बिहारी सिंह, अनिल कुमार सिंह, अजीत कुमार सिंह, गोपाल कृष्ण, दिनेश सिंह, मयंक शेखर दत्त गुप्त, हरिहरनाथ सिंह, मइया दीन पटेल मोहनलाल दीन, दयानंद सिंह, बद्री नारायण कुशवाहा, राम किशोर यादव, लालमन, रमेश राय, मनोज कुमार यादव, विश्वनाथ, जय नारायण सिंह, देव कुमार यादव, जानकी शरण, रामदयाल, ललित कुमार आदि शिक्षक शामिल रहे।

### जनपद – बाँदा




भारतीय स्काउटिंग के जनक पंडित श्रीराम बाजपेई जी का जन्मदिवस उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड जिला संस्था बांदा में मनाया गया | जन्मदिन के शुभ अवसर पर श्री विजय पाल सिंह जिला मुख्यायुक्त/ जिला विद्यालय निरीक्षक बांदा, मेजर मिथलेश कुमार पांडेय जिला आयुक्त (स्काउट) /प्रधानाचार्य, श्री अनुराग मिश्र बी०ई०ओ० बड़ोखर, श्री सरोज मिश्रा जिला सचिव, श्री बृजेश कुमार सहायक जिला सचिव/जिला आई०टी० समन्वयक, श्री कुलदीप श्रीवास सहायक आई०टी० जिला समन्वयक आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे |

## मण्डल – देवीपाटन

### जनपद – बहराइच

दिनांक 30 अगस्त 2023 को भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद बहराइच में कायमा इस्लाम व कल्लन इदरीसी जिला संगठन आयुक्त स्काउट/गाइड ने श्री संजय मिश्रा, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी बहराइच से शिष्टाचार भेंट कर स्कार्फ वागेल लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर स्काउटिंग गाइडिंग की गतिविधियों की जानकारी दी एवं प्रदेश कार्यालय द्वारा जारी वार्षिक पत्रिका भेंट किया। साथ ही साथ जनपद में संचालित समस्त मदरसा बोर्ड के विद्यालयों में स्काउट और गाइड का शत-प्रतिशत पंजीकरण एवं स्काउटिंग गाइडिंग को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने का अनुरोध किया । स्काउटिंग गाइडिंग को मदरसों में तत्कालिक रूप से लागू करने का अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने आदेश जारी किया। इस अवसर पर जिला कार्यालय प्रभारी अंगद पांडेय उपस्थित रहे



### जनपद – बलरामपुर



बलरामपुर - एम०एल०के०पी०जी० कॉलेज बलरामपुर में महाराज जयेंद्र प्रताप सिंह महाविद्यालय प्रबल समिति के अध्यक्ष के जन्मदिन के अवसर पर कई विभागों का उद्घाटन किया गया | इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य जे पी पाण्डेय व रोवर रेंजर उपस्थित रहे | महाविद्यालय के रोवर्स रेंजर्स ने कलर पार्टी के द्वारा प्रबंध समिति के अध्यक्ष महाराज राजेंद्र प्रताप सिंह का स्वागत किया | इस अवसर पर कर्नल मेहता रोवर्स रेंजर्स प्रभारी डॉ० आकांक्षा त्रिपाठी डॉ० पी० एन० पाठक व समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहे महाराज राजेंद्र प्रताप सिंह ने रोवर्स रेंजर्स के कार्यक्रम की काफी सराहना की।

## मण्डल – अलीगढ़

### जनपद – हाथरस



"मेरी माटी मेरा देश" अभियान के अंतर्गत आजादी के अमृत महोत्सव मे 10 अगस्त 2023 को श्री बांग्ला इंटर कॉलेज हाथरस मे भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश जनपद हाथरस के तत्वाधान में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के स्काउट एवं गाइड द्वारा बृहद तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारम्भ जिला विद्यालय निरीक्षक संत प्रकाश जी द्वारा फीता काटकर व हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई | जो कलेक्ट्रेट पर आकर समाप्त हुई। इस रैली का नेतृत्व जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री धीरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया। रैली में लगभग 200 स्काउट एवं गाइड ने प्रतिभाग किया। रैली का समापन अर्चना वर्मा जिलाधिकारी महोदया के संबोधन के बाद हुआ। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन तथा कलेक्ट्रेट के विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जनपद – कासगंज


दिनांक 21 जुलाई 2023 को उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड जिला संस्था कासगंज की जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन श्री प्रदीप कुमार मौर्य जिला



विद्यालय निरीक्षक/ जिला मुख्यायुक्त कासगंज की अध्यक्षता में श्री गणेश इंटर कॉलेज कासगंज के हॉल में संपन्न हुई । जिला विद्यालय निरीक्षक ने बी० एस० जी० ज्ञान प्रतियोगिता, आजीवन सदस्यता, संबद्धता शुल्क, बेसिक कोर्स फॉर स्काउट मास्टर /गाइड कैप्टन, तृतीय सोपान जांच शिविर, स्पेशल इंट्रोडक्टरी कोर्स, बीएड, सीबीएसई विद्यालयों में दलों का पंजीकरण नॉन सीबीएसई विद्यालयों के दलों का नवीनीकरण तथा पंजीकरण आदि विषयों पर चर्चा की | इस अवसर पर सहायक प्रदेशिक संगठन कमिश्नर (गाइड) कविता पांडे एवं जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## जनपद – अलीगढ़

21 सितंबर 2023 को भारत स्काउट और गाइड, उ० प्र० के निर्देशानुसार डॉ० राजेंद्र प्रसाद स्वतंत्र स्काउट दल, हनुमान स्काउट दल, शौर्य स्काउट दल के संयुक्त तत्वावधान में धर्म समाज इंटर कॉलेज में अंतराष्ट्रीय शांति दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए | कार्यक्रम संयोजक व राष्ट्रीय शांति दूत पुरस्कार विजेता राहुल भाटी ने बताया की सर्वप्रथम 40 स्काउट्स द्वारा विद्यालय परिसर में सभी के द्वारा 1- 1 पौधे लगाए गए | जिसके पश्चात सभी स्काउट्स ने मानवता, अहिंसा, समरसता और समतामूलक विचारों को जीवन में धारण करने तथा "वसुधैव कुटुंबकम्" की भावना को आत्मसात करने पर संकल्प लेकर शपथ ली | सभी स्काउट्स द्वारा बस स्टैंड, अचल ताल, रेलवे स्टेशन पर लगभग 150 गरीबों को खाने के पैकेट भी वितरित कर एक पर्यावरण एवम जल संरक्षण के ऊपर जन जागरूकता रैली भी निकाली जिसमें सभी स्काउट्स ने पर्यावरण और जल को बचाने हेतु लिखे गए स्लोगनों के साथ लोगों का जागरूक किया ये रैली बस स्टैंड, दुबे पड़ाव, गांधी पार्क से होते हुए पुन: विद्यालय में समाप्त हुई |



## मण्डल – झांसी

### जनपद – झाँसी

"मेरी माटी मेरा देश" माटी को नमन वीरों को बंदन कार्यक्रम के क्रियान्वन करते हुए उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड जिला संस्था झांसी के पदाधिकारीयो को जॉइंट डायरेक्टर एजुकेशन श्री प्रेम प्रकाश मौर्य ने कलश में माटी समर्पित करते हुए सौंपा। जिला सचिव श्रीमती किरन वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया प्रादेशिक आयुक्त (गाइड) श्रीमती अर्चना गुप्ता जिला आयुक्त (गाइड) कल्पना सिंह जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) श्रीमती राखी पवांर का विशेष योगदान रहा उक्त कलश को प्रादेशिक मुख्यालय पहुंचाने के लिए जिला संगठन आयुक्त श्री प्रभात सिंह पवांर को सौपा गया |



## जनपद – ललितपुर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला परिषद ललितपुर की बैठक नेहरु महाविद्यालय ललितपुर के तुलसी सभागार में दिनांक 09.08.2023 को सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारम्भ प्रभारी जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश, नेमवि के प्राचार्य प्रोफेसर राकेश नारायण द्विवेदी, जिला स्काउट आयुक्त प्रोफेसर ओमप्रकाश शास्त्री ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रभारी जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने कहा कि नैतिक व चारित्रिक मूल्यों की स्थापना, व्यक्तित्व का विकास करने के लिए स्काउट गाइड की स्थापना की गई है इससे जुड़े शिक्षक एवं विद्यार्थी राष्ट्र निर्माण में अपनी महती भूमिका निभायें | सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर स्काउट झाँसी मण्डल प्रदीप गुप्ता ने कहा कि ललितपुर जनपद में भारत स्काउट गाइड के 100 आजीवन सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है| जिला संगठन कमिश्नर डॉ. राजीव निरंजन बैठक में अवगत कराया कि जिला स्काउट गाइड समिति द्वारा विगत वर्ष जनपद ललितपुर में आयोजित होने वाले सभी पर्वो पर छात्र/छात्राओं द्वारा सेवा शिविर लगाया गया तथा उत्तर प्रदेश एवं केन्द्र सरकार द्वारा चलाये जा रहे राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रमों में स्काउट गाइड छात्र / छात्राओं ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया |




## मण्डल – वाराणसी

## जनपद – चंदौली



भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद चंदौली के तत्वाधान मे आर० एम० एस० एकेडमी अमडा चंदौली मे स्काउट गाइड प्रगतिशील प्रशिक्षण आयोजित किया गया | इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे मैनेजर श्री सुधीर सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप मे डायरेक्टर श्री अमित कुमार सिंह एवं प्रशिक्षक जिला संगठन कमिश्नर श्री सैय्यद अली अंसारी रहें | कार्यक्रम मे सर्वप्रथम स्काउट गाइड ध्वजरोहण ध्वज लीडर के माध्यम से किया गया | तत्पश्चात स्काउट गाइड प्रशिक्षुओ ने प्रार्थना झंडागीत, सैल्यूट, नियम, प्रतिज्ञा, सिद्धांत, इतिहास एवं टोली प्रणाली की जानकारी हासिल की | इस अवसर पर डायरेक्टर अमित सिंह जी ने कहा कि स्काउट गाइड का प्रशिक्षण बालक बालिकाओ का सर्वांगीण विकास कर समाज को एक सफल नागरिक प्रदान करता हैं |इस अवसर पर सुनिधि तिवारी, शबीना बानो, संध्या, हरेंद्र तिवारी, बालेन्द्र मौर्य, तेज प्रताप, अखिलेश यादव इत्यादि अध्यापक अध्यापिकाएं उपस्थित रही, कार्यक्रम का संचालन गीतिका सिंह ने किया |

## जनपद – गाजीपुर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद गाजीपुर के तत्वाधान में टाउन नेशनल इण्टर कालेज में स्काउट के बच्चों द्वारा पर्यावरण दिवस के अनुक्रम में पर्यावरण को सुरक्षित करने के क्रम में वृक्षारोपण करते हुए आवला एवं नीम के पौधों का रोपण किया गया | इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ० अनिल कुमार विश्वकर्मा, स्काउट मास्टर कमलेश प्रजापति, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट प्रमोद कुमार यादव, राजेश यादव तथा शुभम दुबे इत्यादि लोग उपस्थित रहे|



## जनपद – वाराणसी

भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद वाराणसी के तत्वाधान में श्री अवध किशोर सिंह उपाध्यक्ष/जिला विद्यालय निरीक्षक वाराणसी एवं डॉ०हरेंद्र कुमार राय जिला मुख्यायुक्त वाराणसी के निर्देशन में निरंतर सावन मेला सहायता शिविर बाबा विश्वनाथ धाम में कावड़ियों को दर्शन कराने हेतु विभिन्न विद्यालय के कुल 295 स्काउट/गाइड छात्र ने सेवा शिविर में प्रतिभाग किया । शिविर प्रभारी के रूप में श्री विश्वकर्मा प्रजापति, अमिताभ पाठक, कमला प्रसाद पटेल, रेवती रमण शर्मा स्काउट प्रभारी, जाकिर हुसैन जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट), डॉ.मीना कुमारी जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड), आशु वर्मा स्काउट प्रभारी, सुश्री शकीला खातून संगठनकर्ता, गाइड कैप्टन अनुराधा, काजल इत्यादि लोग उपस्थित होकर सहयोग प्रदान किया | कार्यक्रम का संचालन श्री विष्णु विश्वकर्मा जिला संगठन आयुक्त



(स्काउट) एवं धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती रामेश्वरी वर्मा जिला संगठन आयुक्त (गाइड) वाराणसी ने किया।

## जनपद – जौनपुर



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद जौनपुर के तत्वाधान में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के रोवर्स रेंजर्स द्वारा एक छात्र एक पेड़ योजना का शुभारम्भ कुलपति प्रो० निर्मला एस० मौर्य ने पौधरोपण कर किया | इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कुलपति ने कहा कि रोवर्स रेंजर्स से जुड़ने वाले विद्यार्थियों में सेवा का भाव जीवन पर्यन्त बना रहता है | विशिष्ट अतिथि वित्त अधिकारी एम०के० सिंह, संकायाध्यक्ष डॉ० मनोज मिश्र, एन०एस०एस० संयोजक राकेश यादव ने भी पौधरोपण किया | इसके साथ ही ध्वज शिष्टाचार किया गया | कार्यक्रम का संचालन डॉ० शफीउज्मा ने किया इस अवसर पर डॉ० संजय सिंह, डॉ० अमरजीत, डॉ० दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ० पारुली सिंह आदि लोग उपस्थित रहे |

# मण्डल – बरेली

## जनपद – शाहजंहापुर

स्वास्थ्य विभाग शाहजहांपुर द्वारा आयोजित सघन इंद्रधनुष रैली का उद्घाटन जिलाधिकारी महोदय श्री उमेश प्रताप सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया| रैली में मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय यूनिसेफ से संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे | रैली कलेक्ट्रेट से होते हुए सुदामा चौराहा अंटाचौराहा होते हुए पुराने अस्पताल पर समाप्त हुई रैली में सबसे आगे स्काउट गाइड बेसिक शिक्षा विभाग का बैंड एवं कंपोजिट विद्यालय अटसलिया की कलर पार्टी आकर्षण का केंद्र रही | स्काउट गाइड कंपोजिट विद्यालय अटसलिया विकासखंड भावल खेड़ा एवं कंपोजिट विद्यालय नगर रोटी गोदाम के स्काउट गाइड द्वारा इंद्रधनुष टीकाकरण के लिए नगर वासियों को जागरूक किया गया इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय द्वारा स्काउट गाइड को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया | स्काउट गाइड बच्चों ने सुश्री निकहत परवीन जिला स्काउट मास्टर / जिला ट्रेनिंग कमिश्नर एवं सुश्री दपिंदर कौर जिला गाइड कैप्टन के निर्देशन में प्रतिभाग किया |



## जनपद – बरेली

भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था बरेली में जिला मुख्यायुक्त डॉ० हरि ओम मिश्र के निर्देशन में सावन के पावन पर्व पर नाथ नगरी बरेली में प्रत्येक सोमवार को कावरियों की सहायता हेतु भीड़ को नियंत्रित करने व सभी को लाइन में लगाने के साथ ही निःशुल्क जल सेवा का आयोजन अलखनाथ, टिवरी नाथ, तपेश्वर नाथ, धोपेश्वर नाथ, पशुपतिनाथ, वनखंडी नाथ आदि मंदिरो में लगातार 2 माह तक समाज सेवा हेतु शिविर का आयोजन एक ही समय पर अलग अलग मंदिरों में स्काउट गाइड की टीम के द्वारा किया गया जिसका निरीक्षण स्वयं जिला मुख्यायुक्त डॉ० हरि ओम मिश्र ने किया | जिसमें जनपद के 25 से अधिक विद्यालय के लगभग 400 स्काउट गाइड ने प्रतिभाग किया। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस आजादी के अमृत महोत्सव को जिला संस्था बरेली में एक रूट मार्च का भव्य आयोजन किया गया | जनपद मे अच्छा कार्य करने वाले स्काउट गाइड के साथ साथ स्काउटर गाइडर को जिला आयुक्त (स्काउट) शरद कान्त शर्मा के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मनित किया| इस पूरे कार्य को सफल बनाने में जिला गाइड आयुक्त श्रीमती अनु पराशरी, जिला सचिव जगमोहन सिंह, जिला प्रशिक्षण आयुक्त पुष्पकांत शर्मा, हरी लाल शर्मा, जिला संगठन आयुक्त गौरव पाठक आदि का सहयोग प्राप्त हुआ।





## जनपद – पीलीभीत

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश पीलीभीत के द्वारा 7 दिवसीय बेसिक कब मास्टर व फ्लॉक लीडर कोर्स का आयोजन स्काउट भवन में किया गया | शिविर में स्कीम ऑफ़ ट्रेनिंग के अन्तर्गत कोर्स के विषयों पर अध्ययन कराया गया। गाँधी प्रेक्षागृह में कब मास्टर/फ्लॉक लीडर को शिविर संचालक (कब) हरीश चंद्र श्रीवास्तव ने कब/बुलबुल का इतिहास पर प्रकाश डाला व साथ ही कब/बुलबुल प्रारंभ के बारे में बताया व प्रशिक्षक लीडर



ट्रेनर नज़ीर मुकबिल ने समस्त टोलियों को ड्यूटी बदलना और उनके कार्यो के बारे में बताया। शिविर संचालक (फ्लॉक) संजू शंखवार स्काउट/गाइड की उत्पत्ति व इतिहास को विस्तार पूर्वक ज्ञान कराया। प्रशिक्षक कब/बुलबुल के उदेश्य और नीति के बारे में अवगत कराया और सुश्री अनीता साइलेस ने कब/बुलबुल खेल खिलाएं। शिविर का सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त नेहा कटियार व जिला आयुक्त स्काउट डॉ० महेश बाबू ने निरिक्षण किया। कार्यक्रम में जिला संगठन आयुक्त गाइड शालिनी पांडे, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट सचिन सक्सेना, जिला बेसिक स्काउट मास्टर वीर सिंह, जिला बेसिक गाइड कॅप्टन परिणीता सिन्हा, अजय पाल शर्मा, श्री गोपाल, राखी, जिला समन्वयक अभिषेक प्रजापति, ट्रेनिंग काउंसलर योगेश मौर्य, दिशा, धर्मादित्य आदि का सहयोग रहा |

## जनपद – बदायूं

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था बदायूँ के जिला संगठन आयुक्त स्काउट मोहम्मद असरार व राजकीय महाविद्यालय, आवास विकास बदायूँ के रोवर निखिल सिंह चौहान, वाहन द्वारा भोजन व राहत सामग्री जैसे चाय पत्ती नहाने कपड़े धोने के साबुन, जख्म पर बांधने वाली पट्टी माचिस मोमबत्ती लेकर कछला कुठ आश्रम में निवास कर रहे 101 कुष्ठ रोगियों को वितरण करने के लिए आश्रम गये।



# मण्डल – आगरा

## जनपद – आगरा

भारत स्काउट और गाइड जिला संस्था आगरा के तत्वाधान में 11 अगस्त 2023 को जिला संस्था कार्यालय पर पंडित श्री राम बाजपेई जयंती मनाई गई | आगरा के ग्रामीण क्षेत्रो में प्रमुख रूप से उच्च प्राथमिक विद्यालय चौमाशाहपुर, नगलावले, पूर्व० मा० वि० नगारिया ताजपुर में भारतीय स्काउटिंग के जनक पंडित श्रीराम बाजपेई का जन्म दिवस बड़े उल्लास के साथ मनाया गया | जिले के मुख्यायुक्त डॉ० अनिल वशिष्ट जी के नेतृत्व में सम्पूर्ण जिले में स्काउट गाइड के द्वारा श्रमदान व वृक्षारोपण किया गया तथा कहानी एवं भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया | दिनांक 26 अगस्त 2023 को मण्डलीय संगोष्टी का आयोजन जनपद आगरा द्वारा किया गया | जिसमे चारो जनपदों के पदाधिकारी उपस्थित रहें| दिनांक 14 सितम्बर 2023 को जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला मुख्यायुक्त डॉ० अनिल वशिष्ट जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसका संचालन जिला सचिव श्रीमती रेनू भारद्वाज ने किया इस बैठक में सभी जिला आयुक्त स्काउट व गाइड, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट/गाइड, जिला संगठन आयुक्त स्काउट गाइड, संयुक्त सचिव व सदस्यों ने प्रतिभाग किया | मुख्य रूप से बैठक में प्रदेश द्वारा दिए गए प्रशिक्षण एवं संगठन के लक्ष्यों पर चर्चा की गई एवं लक्ष्यों को पूरा करने के लिए जिला मुख्यायुक्त जी ने निर्देश दिए|







## जनपद – मैनपुरी

उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एंड गाइड जनपद मैनपुरी के सभागार में दिनांक 2 अगस्त 2023 को जनपद के समस्त प्रधानाचार्य की एक दिवसीय कार्यशाला हुई। बैठक की अध्यक्षता सह जिला विद्यालय निरीक्षक रघुराज सिंह पाल ने की । जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड कुसुम चौहान ने स्काउटिंग गाइडिंग के मूलभूत सिद्धांत, जिला संगठन कमिश्नर गाइड बेबी खुशनुमा ने पंजीकरण एवं नवीनीकरण की आवश्यकता, जिला संगठन आयुक्त स्काउट सुनील कुमार सिंह ने जनपद की वर्तमान नवीनीकरण एवं पंजीकरण की स्थिति, सहायक लीडर ट्रेनर रामपाल गिरी ने स्काउट गाइड के प्रगतिशील प्रशिक्षण, जिला एडल्ट रिसोर्स आयुक्त कृष्ण कुमार ने राज्यपाल पुरस्कार /राष्ट्रपति पुरस्कार एवं पीएम शील्ड, लीडर ट्रेनर डॉ राधेश्याम गौड़ ने यूनिट लीडर के प्रगतिशील प्रशिक्षण तथा जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट मोहम्मद शमीम ने विद्यालयों में साप्ताहिक स्काउट गाइड शिक्षा कैसे संचालित हो की जानकारी साझा की। सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त आगरा मंडल कु.प्रीति ने स्काउटिंग में नवाचारों के संबंध में जानकारी दी। जिला मुख्यायुक्त डॉ० ए०के० सिंह राठौर ने कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी प्रधानाचार्य से आग्रह किया कि बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए विद्यालय स्काउट गाइड कार्यक्रम में रुचि लें क्योंकि दल पंजीकरण उसके नवीनीकरण और यूनिट लीडर के प्रशिक्षण एवं उसके कार्यक्रमों में सहभागिता आपकी सक्रियता पर ही निर्भर करती है।

## जनपद – मथुरा

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर स्वच्छ मथुरा के संकल्प के साथ स्काउट टीम के सेवा कार्य की सराहाना मथुरा नगर आयुक्त श्री अनुनय झा, प्रसिद्ध समाजसेवी श्री अमित जैन एवं रोटरी क्लब संस्था ने की | स्काउट दलों के साथ डॉ० कमल कौशिक जिला मुख्यायुक्त, जिला कमिश्नर निखिल अग्रवाल, जिला सचिव जोगेन्द्र सिंह डी०टी०सी० मनोज शर्मा, डी०ओ०सी० कन्हैया लाल शर्मा, गुंजन चौबे सहित जनपद के स्काउट गाइड उपस्थित रहे | विशेष सहयोग राहुल सिकरवार

बलभद्र इ० का० बलदेव का रहा | जिसके प्रेरक सुधाकर उपाध्याय हैं |



## जनपद – फिरोजाबाद

जिला मुख्य विकास अधिकारी के आदेशानुसार श्रीमती निशा अस्थाना जिला मुख्यायुक्त/जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देशन में जिला मुख्यालय पर आयोजित "मेरी माटी मेरा देश" अभियान के तहत आदरणीय उज्जवल कुमार जिलाधिकारी महोदय और दीक्षा जैन मुख्य विकास अधिकारी फिरोजाबाद द्वारा शपथ दिलाई गई | उसके उपरांत मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। जिसमें पाली इंटर कॉलेज शिकोहाबाद, एल० आर० इंटर कॉलेज जसराना, एस० आर० के० इंटर कॉलेज फिरोजाबाद, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उरमुरा एवं कोमल ओपन यूनिट के स्काउट में प्रतिभाग किया। इस मैराथन में आनंद बाबू जिला संगठन आयुक्त के नेतृत्व में, विक्रमाजीत, विनीत सिंह, मुकेश पिथौरा, अतर सिंह ,नरेंद्र सिंह यादव, के साथ सैकड़ों स्काउट गाइड ने प्रतिभाग किया। जिला सचिव डॉ० सहदेव सिंह चौहान ने प्रतिभाग करने वाले स्काउट गाइड एवं स्काउट मास्टर तथा विद्यालय प्रधानाचार्य का आभार व्यक्त किया |



## मण्डल – प्रयागराज

## जनपद – कौशाम्बी

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद कौशाम्बी के तत्वाधान में दिनांक 13 अगस्त 2023 को कौशांबी में पुलिस अधीक्षक कौशांबी के अध्यक्षता में "मेरी माटी मेरा देश" रैली का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक कौशांबी ने रैली को जिला पंचायत कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में भारत स्काउट और गाइड कौशांबी के स्काउट गाइड बैंड पार्टी द्वारा रैली जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान परिषद, तिरंगा झंडा स्थल मंझनपुर कौशांबी में संपन्न हुई। रैली में जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्यामबाबू और स्काउट /गाइड का योगदान रहा।





## आपके पत्र ........

महोदय

तेजल पत्रिका को प्रकाशित करने के लिए सम्पादक महोदय (डा0 प्रभात कुमार प्रादेशिक मुख्यायुक्त) एवं आई टी की सम्पूर्ण टीम का आभार प्रकट करता हूॅ। तेजल पत्रिका भारत के युवाओं में आधुनिक तकनीकी के प्रति आकर्षण बढाने में सहायक प्रतीत हो रही है। इसका कारण हर तीन माह की विभिन्न जानकारियॉ पाठकों को कागज रहित माध्यम से कम समय में निःशुल्क प्राप्त हो रही हैं । तेजल पत्रिका स्काउटिंग का प्रशिक्षण भी अनौपचारिक विधि द्वारा हम सभी को प्रदान करती है। पत्रिका द्वारा स्काउट और गाइड विंग की विभिन्न जानकारियॉ प्राप्त होने के बाद हम उनसे प्रेरित होते हैं। हमें अपने प्रशिक्षण केद्रों की वर्तमान स्थिति ज्ञात होती रहती है। उससे अपनी आवश्यकतानुकूल प्रशिक्षण में प्रतिभागिता कर सकते हैं। भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश की संस्था में अभी तक इस प्रकार का कोई साधन उपलब्ध नहीं था।

प्रादेशिक मुख्यायुक्त द्वारा आधुनिक परिवेश में जोडने के लिए हार्दिक बधाई एवं ध्न्यबाद।

सेवा में,
सम्पादक
"तेजल" त्रैमासिक पत्रिका
भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश।



(सत्य पाल सिह)
लीडर ट्रेनर स्काउट

प्रिय पाठक,

आप सभी पाठको को सूचित किया जाता है कि "तेजल" पत्रिका में "आपके पत्र" का एक पेज बनाया गया है, जिसमे आपके द्वारा पत्रिका से सम्बंधित सुझाव एवं विचार को पत्रिका में प्रकाशित किया जायेगा | इसके लिए आप पत्रिका की ई मेल – itbsgup@gmail.com विषय – "आपके पत्र" लिख कर प्रेषित कर सकते है |

हमें आशा है कि आपके सुझाव पत्रिका को और भी रोचक बनायेंगे |

धन्यवाद !

- सम्पादक

## स्काउट/गाइड प्रश्नोत्तरी

# BSG ज्ञान विवज़

For : Cub / Bulbul
Scout / Guide
Rover / Ranger

### कब/बुलबुल :-

प्रश्न 01 - कब का आदर्श वाक्य क्या है ?
(A) मुस्कराते रहो (B) तैयार रहो (C) सेवा करो (D) कोशिश करो

प्रश्न 02 – किम का पूरा नाम क्या था ?
(A) किम किपलिंग (B) कैनेडी किम (C) किम्बल ओ हारा (D) बेडेन पावेल

प्रश्न 03 - 'द जंगल बुक किस लेखक की कहानियों का संग्रह है ?
(A) लार्ड बेडेन पावेल (B) रुडयार्ड किपलिंग
(C) मोगली (D) महात्मा गाँधी

प्रश्न 04 - 'द जंगल बुक का प्रकाशन कब हुआ ?
(A) 1907 (B) 1894 (C)1908 (D) 1857

प्रश्न 05 - कब/बुलबुल का सदस्यता बैज किस रंग का होता है ?
(A) हरा (B) लाल (C) नीला (D) पीला

प्रश्न 06 – बैज का शाब्दिक अर्थ क्या होता है ?
(A) पुरस्कार (B) पदक (C) योग्यता (D) पुस्तक

प्रश्न 07 – पैक किसको कहते है ?
(A) लोमड़ी का झुण्ड (B) भेड़ीयों का झुण्ड
(C) शेर का झुण्ड (D) मोगली का झुण्ड

प्रश्न 08 तबाकी अपना जीवन निर्वाह कैसे करता था ?
(A) भेडियों और शेरखां की जूठन खा कर (B) मोगली का जूठन खाकर
(C) शिकार करके (D) लोमड़ी से खाना साझा कर

प्रश्न 09 - स्काउटिंग है ?
(A) बालचर आन्दोलन (B) राजनैतिक आन्दोलन
(C) इंग्लैण्ड का आन्दोलन (D) भारतीय आन्दोलन

प्रश्न 10 – कब/बुलबुल में किस वय वर्ग के बच्चे होते है ?
(A) 03 – 05 वर्ष (B) 05 – 10 वर्ष
(C) 09 – 17 वर्ष (D) 04 – 10 वर्ष

### स्काउट/गाइड :-

प्रश्न 01 - लार्ड बेडेन पावेल का विवाह कब हुआ था ?
(A) 1912 (B) 1913 (C) 1982 (D) 1891

प्रश्न 02 – लार्ड बेडेन पावेल की स्काउटिंग को प्रारम्भ करने की प्रेरणा कहाँ से मिली ?
(A) अफ्रीका के बोअर युद्ध में (B) चिली के युद्ध में
(C) क्रिस्टल पैलेस की रैली में (D) ब्राउन्सी द्वीप के प्रथम कैम्प में

प्रश्न 03 - 'स्काउटिंग फॉर ब्वायज' का प्रथम संस्करण कब प्रकाशित हुआ ?
(A) 1898 (B) 1908 (C) 1907 (D) 1909

प्रश्न 04 - ब्रिटेन के बाहर स्काउटिंग प्रारम्भ करने वाला देश था?
(A) अमेरिका (B) दक्षिणी अफ्रीका (C) चिली (D) भारत

प्रश्न 05 - WAGGGS की स्थापना कब हुई ?
(A) 1828 ई. (B) 1947 ई. (C) 1908 ई. (D) 1928 ई.

प्रश्न 06 – क्रिस्टल पैलेस लन्दन की पहली स्काउट रैली में कितनी लड़कियों ने प्रतिभागिता की थी ?
(A) 16 (B) 07 (C) 08 (D) 32

प्रश्न 07 – अमेरिका में स्काउट आन्दोलन शुरू करने का श्रेय किसे जाता है ?
(A) जे.डी. विलियम वायस (B) रुडयार्ड किपलिंग
(C) लार्ड बेडेन पावेल (D) क्रिस्टफर कोंलम्बस

प्रश्न 08 लार्ड बेडेन पावेल को उनके घर के लोग बचपन में किस नाम से बुलाते थे ?
(A) बी. पी. (B) बेडेन (C) स्टी (D) बीटल

प्रश्न 09 - लार्ड बेडेन पावेल के पालतू कुत्ते का नाम था ?
(A) स्टी (B) पेशन्स (C) बीटर (D) टाइगर

प्रश्न 10 – लार्ड बेडेन पावेल द्वारा लिखी पहली पुस्तक का नाम है ?
(A) स्काउटिंग फॉर ब्वायज (B) जंगल बुक
(C) रिकोनेसैन्स एण्ड स्काउटिंग (D) एड्स टू स्काउटिंग

### रोवर/रेंजर :-

प्रश्न 01 - रोवर/रेंजर का सामान्य आयु वर्ग है ?
(A) 17-25 वर्ष (B) 15-25 वर्ष (C) 18-25 वर्ष (D) 15-30 वर्ष

प्रश्न 02 – रोवर/रेंजर को सामान्य आयुवर्ग के पश्चात किसकी विशेष स्वीकृति से 03 वर्ष की समयावधि अतिरिक्त प्रदान की जा सकती है ?
(A) प्रादेशिक मुख्यायुक्त (B) प्रादेशिक सचिव
(C) प्रादेशिक अध्यक्ष (D) नेशनल काउंसिल

प्रश्न 03 - एक रोवर-क्रू/रेंजर टीम में कम से कम कितने सदस्य होने चाहिए ?
(A) 08 (B) 04 (C) 06 (D) 05

प्रश्न 04 - रेंजर लीडर के रूप में नियुक्त हेतु कितनी आयु होना चाहिए ?
(A) 18 वर्ष (B) 21 वर्ष (C) 20 वर्ष (D) 25 वर्ष

प्रश्न 05-रोवर स्काउट लीडर/रेंजर लीडर की नियुक्ति कौन करता है ?
(A) जिला मुख्यायुक्त (B) प्रादेशिक आयुक्त
(C) प्रादेशिक सचिव (D) प्रादेशिक मुख्यायुक्त

प्रश्न 06 – सहायक रोवर स्काउट लीडर/सहायक रेंजर लीडर का पद बैज कैसा होता है ?
(A) लाल रंग का लाल बॉर्डर वाला (B) हरे बॉर्डर वाला लाल रंग का (C) लाल बॉर्डर वाला हरे रंग का (D) हरे बॉर्डर वाला हरे रंग का

प्रश्न 07 – सीनियर रोवर मेट द्वारा कमीज की बायी जेब पर लगाने वाली पट्टीयों(Three Red Vertical strips) की माप होती है ?
(A) 6 cm x 1.5 cm (B) 6 cm x 2 cm
(C) 4 cm x 1.5 cm (D) 6 cm x 2 cm x 1.5 cm

प्रश्न 08 रोवरिंग/रेंजरिंग का प्रारम्भ किस वर्ष में हुआ?
(A) 1907 (B) 1911 (C) 1913 (D) 1918

प्रश्न 09 - रोवरिंग में पांच चट्टानों में पहली चट्टान "हार्सेज" किससे संबंधित है ?
(A) खेल (B) मनोरंजन (C) सट्टा लगाना (D) सुखाशक्ति

प्रश्न 10 – "रोवरिंग टू सक्सेस" पुस्तक प्रकाशित हुई ?
(A) 1909 (B) 1922 (C) 1912 (D) 1913

उक्त प्रश्नों के उत्तर पृष्ठ संख्या 34 पर देख सकते है।

## विज्ञापन







**PLEASE SUBSCRIBE BSGUP OFFICIAL YOUTUBE CHANNEL**

**उत्तर माला : स्काउट/गाइड प्रश्नोत्तरी**

कब/बुलबुल – 1-D, 2-C, 3-B, 4-B, 5-C, 6-B, 7-B, 8-A, 9-A, 10-B
स्काउट/गाइड – 1-A, 2-A, 3-B, 4-C, 5-D, 6-B, 7-A, 8-C, 9-C, 10-C
रोवर/रेन्जर – 1-B, 2-A, 3-C, 4-B, 5-D, 6-B, 7-A, 8-D, 9-C, 10-B

# विज्ञापन


श्री
जानकी प्रसाद इन्टर कॉलेज
पतसेनी कछौना, हरदोई
सम्बद्धता - माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0, प्रयागराज
संकाय - कला एवं विज्ञान वर्ग
कक्षा 6 से 12 तक
माध्यम हिन्दी एवं अंग्रेजी
प्रदीप कुमार
उप-प्रधानाचार्य
शिवराज सिंह पटेल


एस0 एम0 डी0 पटेल महाविद्यालय
पतसेनी कछौना, हरदोई
सम्बध्दता - लखनऊ विश्वविद्यालय
कक्षाए - बी0ए0, बी0एस0सी0, एम0एस0सी0
एम0एस0सी0 - गणित, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान
शिवराज सिंह पटेल


इटावा
भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0
जिला संस्था इटावा
प्रगति के पथ पर अग्रसर
जिला संस्था इटावा
की तरफ से
नवरात्रि, दशहरा
एवं दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएँ


BHAGWAT PRASAD MEMORIAL ACADEMY
भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी
पता – श्रीनाथ विहार, चिल्ला रोड़, बाँदा
प्रबन्धक
श्री शिव शरण कुशवाहा
अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट पर जायें
Visit Here - http://www.bpma.co.in/


भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश
जिला संस्था फर्रुखाबाद
जिला संस्था फर्रुखाबाद की तरफ से
नवरात्रि, दशहरा एवं दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएँ

# Glimpses of Various Activities

## कलेक्ट्रेट में भारत स्काउट गाइड की हुई बैठक

### स्काउट गाइडों को राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र किए वितरित, छात्रा को किया गया सम्मानित





## स्काउट गाइड के गतिविधियों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए हुआ विचार-विमर्श

## जिलाधिकारी ने दिलाई पंच प्रण की शपथ

बस्ती। आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में डीएम प्रियंका निरंजन ने राजकीय बालिका इंटर कालेज में शिलाफलकम का अनावरण किया, उपस्थित लोगों अमृत काल के पंचप्रण एवं देश की एकता और अखण्डता का शपथ दिलाया। उन्होंने लोगों से अपील किया कि देश की एकता और अखण्डता के लिए सदैव तत्पर रहें तथा मातृभूमि की रक्षा के लिए शहीद हुए वीर शहीदों का सम्मान करें। उन्होंने शिलाफलकम पर मा. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश की ओर सभी का ध्यान आकृष्ट किया, जिसमें उल्लिखित है कि एक-एक दिन समय का प्रत्येक क्षण, जीवन का प्रत्येक कण मातृभूमि के लिए जीना सभी आजादी के दीवानों को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका मानवी सिंह ने किया। इस अवसर पर सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति, एडीएम कमलेश चन्द, एसडीएम सदर विनोद कुमार पाण्डेय, डीआईओएस जगदीश शुक्ल, बीएसए अनूप तिवारी, उद्योग विभाग के चन्द्रप्रकाश श्रीवास्तव, सहायक डीआईओएस विकास श्रीवास्तव, रेडक्रास के सरदार कुलविन्दर सिंह मजहबी, राजेन्द्र सिंह, कुलदीप सिंह, प्रधानाचार्य नीलम सिंह, एस.बी. सिंह, मुस्लिमा खातून, योगेश शुक्ला, शिक्षिका पूर्णिमा श्रीवास्तव, एबीएसए तथा स्थानीय नागरिक, शिक्षिकाएं एवं शिक्षक उपस्थित रहे।



## सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली



## प्रत्येक विद्यालय में स्काउटिंग गाइडिंग गतिविधियां अनिवार्य- संयुक्त शिक्षा निदेशक




बस्ती, 29 अगस्त (तरुणमित्र)। प्राथमिक विद्यालय, पूर्व माध्यमिक विद्यालय और महाविद्यालयों के साथ साथ बीएड, डीएलएड विद्यालययों में सोपानों का प्रशिक्षण कराना अनिवार्य, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में दल पंजीकरण, नवीनीकरण और नियमित गतिविधियों का संचालन किया जाय यह विचार मण्डलीय स्काउट गाइड समीक्षा बैठक को सम्बोधित संयुक्त शिक्षा निदेशक ओम प्रकाश मिश्र ने व्यक्त किया, कहा कि समस्त कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय से एक अध्यापिका को बेसिक गाइड कैप्टन कोर्स करवाना, विद्यालयों में स्काउट गाइड प्रगतिशील प्रशिक्षण का नियमित अनुश्रवण की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय, ब्लॉक स्काउट मास्टर और ब्लॉक गाइड कैप्टन के खाली पदों पर नियुक्ति शीघ्र किया जाय, बैठक का सफल संचालन सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर राकेश कुमार सैनी ने किया।

## आर जे पी इंटर कॉलेज में हुआ मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम



## भारत स्काउट और गाइड की मण्डलीय संगोष्ठी संयुक्त शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता में विधिवत सम्पन्न



## स्काउट गाइड का सात दिवसीय बेसिक कब मास्टर और फ्लॉक लीडर कोर्स का शुभारंभ



## भारत स्काउट और गाइड का बिगिनर्स कोर्स हुआ विधिवत सम्पन्न



## एक दिवसीय राखी मेकिंग वोकेशनल कैंप का किया गया आयोजन, डीएम को छात्राओं ने बाँधी हस्त निर्मित राखी

उक्त कार्यक्रम में सदर विधायक, सीडीओ, डीआईओएस, बीएसए को भी छात्राओं ने बाँधी राखी



## विश्व साक्षरता दिवस पर स्काउट गाइड के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

- ग्लोबल विज्ञान क्लब ने अशफाक खां कंपोजिट विद्यालय में किया कार्यक्रम




## रेलवे स्टेशन पर चलाया गया, एक दिन श्रमदान के लिये, स्वच्छता अभियान



## सड़क सुरक्षा समिति में स्काउट गाइड को करें शामिल : जिलाधिकारी

## रैली निकाली कहीं वाद विवाद प्रतियोगिता कराई



वाद-विवाद प्रतियोगिता में मौजूद स्काउट गाइड। • अमृत विचार

पीलीभीत, अमृत विचार : विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर भारत स्काउट और गाइड द्वारा जनपद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें सदर तहसील स्थित ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में वाद-विवाद प्रतियोगिता कराई गई। इसकी शुरुआत प्रधानाचार्य/जिला मुख्यालय आयुक्त पूजा छाबड़ा, प्रबंधक देवेन्द्र सिंह छाबड़ा ने की। बीसलपुर तहसील में रैली आयोजित की गई। इसे राजकीय महाविद्यालय बीसलपुर के प्राचार्य सुशील कुमार सैनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जोकि विभिन्न मार्गों से होते हुए महाविद्यालय में संपन्न हुई। पूरनपुर तहसील में गुरु नानक इंटर कॉलेज में निबंध, स्लोगन, पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई। जिसकी शुरुआत प्रधानाचार्य कमल मोहन पांडे ने की। समस्त तहसीलों में कार्यक्रम जिला संगठन आयुक्त स्काउट अभिषेक पांडेय जिला संगठन आयुक्त गाइड शालिनी पांडे के नेतृत्व में हुए। इस मौके पर जिला समन्वयक अभिषेक प्रजापति, सचिन मौर्य, ट्रेनिंग काउंसलर मनोज आदि रहे।

## विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान जागरूकता रैली को डीएम ने किया रवाना

विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान 03 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2023 तक संचालित किया जा...



# Glimpses of activates





## OUR SOCIAL ACCOUNTS




**This is the official Website of Bharat Scouts and Guides, Uttar Pradesh Association. All information related to Scouting / Guiding activities in the State is available here….**

**Please Visit & Share Our Website**

**www.bsgup.org**



**Like our FB Page**
facebook.com/bsgup.org



**Tweets @ BSGUP**
twitter.com/bsgup



**Follow our Instagram Page**
instagram.com/bsgup/




**Share & Subscribe our Youtube Channel**
**BSGUP Official**

**BHARAT SCOUTS & GUIDES, UTTAR PRADESH**
State Headquarters : Gole Market, Mahanagar, Lucknow
Email : upscoutsguides@yahoo.com
For Magazine : itbsgup@gmail.com

To,